मंगलवार, 21 जनवरी 2025

मौसम

तापमान 27 – 16
आर्द्रता 42%
सूर्योदय: 6:19 सूर्यास्त: 17:17

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : उस मुस्कान से खूबसूरत कुछ नहीं, जो आंसुओं से संघर्ष करके आती है।




बदलाव का दौर आ रहा है लेकिन मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है: अक्षर पटेल -पृष्ठ 8





JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL

RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555
9874415555


# आरजीकर मामला : दोषी संजय रॉय को मृत्यु तक कारावास की सजा

## परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजे का आदेश

- कोर्ट का फांसी से इंकार, कहा... मामला 'दुर्लभ में से दुर्लभतम' नहीं
- सियालदह अदालत में अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए लगभग 500 पुलिस कर्मी थे तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में शनिवार को दोषी करार दिये गए संजय रॉय को सियालदह की अदालत ने सोमवार को मृत्यु तक कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने मृत्युदंड के अनुरोध को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला 'दुर्लभ में से दुर्लभतम' अपराध की श्रेणी में नहीं आता। साथ ही, अदालत ने सजंय रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और राज्य सरकार को मृतक चिकित्सक के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। इस दिन, सुबह करीब 10.30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच रॉय को जेल से अदालत ले जाया गया। सियालदह अदालत की किलेबंदी कर दी गई और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगभग 500 पुलिस कर्मी की तैनाती की गई। दोपहर 2:45 बजे सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सजा सुनाते हुए कहा कि यह अपराध 'दुर्लभ से दुर्लभतम' श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि सीबीआई ने मृत्युदंड देने का अनुरोध किया। बचाव पक्ष के वकील ने गुहार लगाई है कि मृत्युदंड के बजाय कारावास की सजा दी जाए, यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। न्यायाधीश ने रॉय से कहा कि मैं आपको आजीवन कारावास की सजा सुना रहा हूं, अर्थात आपके जीवन के अंतिम दिन तक कारावास। यह सजा पीड़िता के साथ दुष्कर्म के दौरान उसे चोट पहुंचाने के लिए है, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। बता दें कि संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मृत्यु का कारण बनने की सजा) और 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने कहा कि धारा 103(1) के तहत रॉय को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं देने पर उसे पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे मृत्यु तक कारावास की सजा दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। न्यायाधीश दास ने कहा कि चूंकि, पीड़िता की मौत उसके कार्यस्थल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान हुई, इसलिए राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह चिकित्सक के परिवार को मुआवजा दे। मृत्यु के लिए 10 लाख रुपये और दुष्कर्म के लिए सात लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया जाता है। न्यायाधीश ने संजय रॉय को सूचित किया कि उसे इस निर्णय के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार है और जरूरत पड़ने पर उसे कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। न्यायाधीश ने यह सजा दोषी के अंतिम बयान, बचाव पक्ष, पीड़िता के परिवार के वकील और सीबीआई की दलीलों को सुनने के बाद सुनाई।

**'मुझे फंसाया जा रहा है', दोषी संजय रॉय का अदालत में दावा**

इससे पहले, दिन में संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि वह निर्दोष है और उसे गलत तरीके से दोषी ठहराया गया है। रॉय ने मामले में सजा सुनाए जाने से पहले अदालत से कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है और मैंने कोई अपराध नहीं किया है। मैंने कुछ भी नहीं किया है और फिर भी मुझे दोषी ठहराया गया है। जेल में मेरी पिटाई की गई और मुझे जबरन कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। रॉय ने अदालत से आगे दावा किया कि जब सीबीआई ने मामले को अपने हाथ में लिया तो यहां रेलवे अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई, लेकिन उसमें कुछ भी नहीं दिखा। न्यायाधीश द्वारा दोषी के परिवार के बारे में पूछे जाने पर रॉय ने कहा कि उसकी मां है, लेकिन गिरफ्तारी के बाद कोई भी उससे मिलने नहीं आया। उसने बताया कि मामले में गिरफ्तारी से पहले वह पुलिस कैंप में रहता था।

**'अगर जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के हाथों में होती तो फांसी की सजा होती'**

इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरजीकर कांड में दोषी सिविक वॉलंटियर संजय राय को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर असंतोष जताते हुए इसे लेकर सीबीआई पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जांच का जिम्मा बंगाल सरकार के हाथों में होता तो दोषी को फांसी की सजा दिलवाते। इस दिन, दोपहर में फैसला आने के बाद ममता ने कहा कि हम पहले दिन से फांसी की मांग कर रहे थे। अभी भी हमारी यही मांग है। अदालत के फैसले को लेकर कुछ नहीं कहूंगी लेकिन हम तीन मामलों की जांच करके 54 से 60 दिनों के अंदर फांसी की सजा दिलवा चुके हैं। इस मामले की जांच हमारे हाथों में रहने पर बहुत पहले ही मृत्युदंड दिलवा देते। इस मामले को हमारे हाथों से छीन लिया गया। हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किए गए ऐसे कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई है। मैं (फैसले से) संतुष्ट नहीं हूं। इस तरह के नरपिशाच को सर्वोच्च सजा मिलनी चाहिए थी।




### संजय के खिलाफ हाईकोर्ट में मृत्युदंड की अपील करेगी सरकार, ममता का बड़ा ऐलान

आरजीकर मामले में दोषी ठहराए गए संजय रॉय के खिलाफ बंगाल सरकार ने बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार आरजीकर मामले में दोषी ठहराए गए संजय रॉय के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में मृत्युदंड की अपील करेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल पर यह बात कही। दरअसल, सियालदहर कोर्ट ने आरजीकर मामले को 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस' नहीं माना है। ममता ने इस मामले पर आश्चर्य व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आरजीकर मामले में मैं यह देखकर वास्तव में हैरान हूं कि आज कोर्ट के निर्णय में पाया गया है कि यह 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं है! मुझे पूरा विश्वास है कि यह वास्तव में रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है। इसके लिए मृत्युदंड की जरूरत है। फैसला इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंच सकता है कि यह 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं है? ममता ने आगे लिखा कि हम इस सबसे भयावह और संवेदनशील मामले में मृत्युदंड चाहते हैं और इस पर जोर देते हैं। हाल ही में, पिछले 3/4 महीनों में हम ऐसे अपराधों में दोषियों के लिए मृत्युदंड/अधिकतम सजा सुनिश्चित करने में सक्षम रहे हैं। फिर, इस मामले में मृत्युदंड क्यों नहीं दिया गया? मुझे दृढ़ता से लगता है कि यह एक जघन्य अपराध है जिसके लिए मृत्युदंड की आवश्यकता है। हम अब उच्च न्यायालय में दोषी के लिए मृत्युदंड की मांग करेंगे।

अमेरिका की कमान ट्रंप के हाथों में, कहा :

# अमेरिका का स्वर्ण युग अभी से शुरू होता है



- अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

**वाशिंगटन :** डोनाल्ड जे. ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही चार साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर उनकी उल्लेखनीय वापसी हो गई। ट्रप ने शपथ ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में कहा, ''अमेरिका का स्वर्णिम युग अभी से शुरू होता है।'' उहोंने कहा, ''आज के बाद से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। हर देश हमसे ईर्ष्या करेगा और कोई हमारा फायदा उठाये, हम ऐसा नहीं होने देंगे।'' ट्रंप (78) ने कहा कि वह अमेरिका को ''सर्वोपरि'' रखेंगे। उन्होंने कहा, न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। न्याय विभाग और सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।'' रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप (78) ने एक ताकतवर व्यक्ति और एक शक्तिशाली राष्ट्रपति की दृष्टि के साथ व्हाइट हाउस में वापसी की है। साथ ही उन्होंने आव्रजन, शुल्क और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में अमेरिकी नीतियों को आक्रामक रूप से बदलने का वादा किया है। ट्रंप ने अपने शपथ में कहा, ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के पद का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा तथा अमेरिका के संविधान का अपनी पूरी क्षमता से संरक्षण, सुरक्षा और बचाव करूंगा।'' ट्रंप से पहले जे. डी. वेंस ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

**शपथ लेते ही ट्रंप ने लगा दी इमरजेंसी, थर्ड जेंडर खत्म**

1. अमेरिका की दक्षिण सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा, अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए तैनात होगी सेना
2. रिमेन इन मेक्सिको पॉलिसी को लागू करने का ऐलान
3. पकड़ो और छोड़ो प्रथा का अंत
4. क्रिमिनल कार्टेल्स घोषित होंगे विदेशी आतंकी संगठन
5. अमेरिका में विदेशी गिरोहों के खात्मे के लिए विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू किया
6. नेशनल एनर्जी इमरजेंसी की घोषणा
7. फ्री स्पीच के लिए अमेरिका में सेंसरशिप पर रोक
8. अमेरिका में थर्ड जेंडर समाप्त, सिर्फ मेल और फीमेल जेंडर होंगे
9. कोविड मेनडेट उल्लंघन के कारण निष्कासित कर्मचारियों की नौकरी बहाल होगी, मुआवजा भी मिलेगा
10. गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलकर गल्फ ऑफ अमेरिका करने का ऐलान
11. ट्रंप ने पनामा कनाल को वापस लेने की प्रतिबद्धता दोहराई
12. ट्रंप ने कहा– हम दूसरे देशों को समृद्ध करने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने के बजाय, हम अपने नागरिकों को समृद्ध करने के लिए विदेशी देशों पर टैरिफ और टैक्स लगाएंगे

### प्रधानमंत्री मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी



फाईल फोटो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर अपने 'प्रिय मित्र' डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और कहा कि वह उनके साथ मिलकर दुनिया के बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए काम करने को उत्सुक हैं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर बधाई! मैं दोनों देशों को लाभ पहुंचाने और दुनिया के बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए एक बार फिर एक साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं। आगे एक सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं!

### जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में जवान शहीद

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के सोपोर इलाके में आतंकवादियों से रविवार देर रात हुई मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिपाही पंगाला कार्तिक सोपोर पुलिस जिले के जालोरा गुज्जरपति में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर हुई मुठभेड़ में घायल हो गए और मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते समय गोलीबारी होते देख घेराबंदी की और रात में जालोरा गुज्जरपति पर कड़ी निगरानी रखी जबकि सोमवार सुबह इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी। श्रीनगर में स्थित सेना की चिनार कोर ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, चिनार कोर के सभी सैन्यकर्मी वीर स्व. पंगाला कार्तिक के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

### शाह के खिलाफ टिप्पणी: न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की कार्यवाही पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध दायर आपराधिक मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता नवीन झा ने शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर शाह के लिए 'हत्यारा' शब्द का इस्तेमाल किया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, ''नोटिस जारी किया जाए। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।''

## उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने यूसीसी अधिनियम की नियमावली को मंजूरी दी

**देहरादून :** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) अधिनियम की नियमावली को अपनी मंजूरी दे दी। अपनी अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में धामी ने कहा कि यूसीसी अधिनियम की नियमावली को मंजूरी दे दी गयी है और उसे लागू करने की तिथि की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। धामी ने कहा, ''यूसीसी अधिनियम बनने के बाद हमारी प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गयी है। आज मंत्रिमंडल की बैठक में हमने इसे जल्द से जल्द लागू करने को लेकर चर्चा की। सभी चीजों की समीक्षा करने के बाद हम इसे लागू करने की तारीखों का जल्द ऐलान करेंगे।'' इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पिछले महीने दिसंबर में कहा था कि जनवरी में प्रदेश में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा।

## 'ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए'

### ताहिर हुसैन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की कि ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक टाल दी है, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और अहसनुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, ताहिर हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने जवाब में टिप्पणी की, 'जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।' उनके वकील जानकारी देते हुए कहा कि ताहिर हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है।

# केन्द्र ने हर बार बंगाल को नजर अंदाज किया है : ममता

- मुख्यमंत्री ने गंगा कटाव रोकने के लिए 400 करोड़ रुपये किया आवंटित
- मुख्यमंत्री ने मुर्शिदाबाद में 348.17 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और 150.57 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिलों के दौरे के क्रम में सोमवार को मुर्शिदाबाद एक कार्यक्रम में पहुंची, लेकिन इससे पहले उन्होंने केंद्र पर साधा निशाना साधा और गंगा कटाव रोकने के लिए मुर्शिदाबाद से 400 करोड़ रुपये आवंटन की घोषणा की। मुर्शिदाबाद के लालबाग स्थित नवाब बहादुर इंस्टीट्यूशन में आयोजित प्रशासनिक सेवा कार्यक्रम में उन्होंने यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा कटाव से हर साल मुर्शिदाबाद के लोग प्रभावित होते हैं। कई घर पानी में बह जाते हैं। यह लंबे समय से चल रही समस्या है। राज्य सरकार ने कई बार केंद्र से फंड की मांग की, लेकिन हर बार बंगाल को नजरअंदाज किया गया। बाढ़ और कटाव के समय कोई मदद नहीं करता। इसलिए, अब राज्य सरकार खुद इस काम को करेगी। गंगा कटाव रोकने के लिए 400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

ममता बनर्जी ने 2023 में मनरेगा फंड को लेकर तृणमूल नेताओं के दिल्ली प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे प्रतिनिधि केंद्र सरकार से मिलने गए, तो केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मिलने का समय देने के बाद भी उन्हें नजरअंदाज कर दिया। हमारे नेताओं को पुलिस ने जबरन बाहर निकाला, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर भी लिखा कि मुर्शिदाबाद एक ऐसा जिला है जो मुझे बहुत प्रिय है और मेरे दिल के करीब है। यह जिला कभी बंगाल की राजधानी था। इस जिले की खूबसूरती और लोगों का आतिथ्य मुझे हमेशा यहां आने के लिए प्रोत्साहित करता है। आज, मुर्शिदाबाद के लालबाग में सरकारी सेवा वितरण समारोह में, मैंने 348.17 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 111 जन कल्याण परियोजनाओं का उद्घाटन और 150.57 करोड़ रुपये की लागत वाली 85 जन कल्याण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त, हमने लगभग 62,000 लोगों तक सरकारी सेवाएं पहुंचाई। मैं इस जिले के सबसे पुराने स्कूलों में से एक नवाब बहादुर इंस्टीट्यूशन के सभी शिक्षकों, छात्रों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को इसकी 200वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और बधाई देती हूं। इस अवसर पर मैंने इस स्कूल के समग्र सुधार के लिए 25 लाख रुपये का दान दिया। इस जिले में गंगा कटाव एक गंभीर समस्या है। केंद्र सरकार को बार-बार कहने के बावजूद उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन हमारी मातृभूमि की सरकार और लोगों ने इस मुद्दे को हमेशा गंभीरता से लिया है। आज भी गंगा-भागीरथी के कटाव को रोकने के लिए 62.61 करोड़ रुपए आवंटित किया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि सद्भाव की भूमि मुर्शिदाबाद में कई अलगाववादी ताकतें बंगाल की एकता और संस्कृति को नष्ट करना चाहती थीं। लेकिन यहां के लोगों ने उन्हें उचित जवाब दिया। हमारा बंगाली परिवार एकजुट परिवार है, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मैं उन सभी दुष्टों से घृणा करती हूं जो इन बुरे कामों में लिप्त हैं, यह बंगाल उनसे घृणा करता है। मेरे प्यारे बंगालियों की प्रगति और खुशी मेरे जीवन का मुख्य कर्तव्य है। जब तक धरती मां और जनता की सरकार है, मैं राज्य में किसी के चेहरे की मुस्कान खराब नहीं होने दूंगी।



## न्यायाधीश ने माना 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस', दोषी प्रेमिका को सुनाई फांसी की सजा

**तिरुवनंतपुरम :** तिरुवनंतपुरम से आई यह कहानी बताती है कि जोड़ियां भले ही स्वर्ग में बनती हों, लेकिन जमीनी हकीकत कभी-कभी बेहद खौफनाक हो सकती है। दरअसल, केरल के तिरुवनंतपुरम जिले की नेय्याट्टिनकारा अदालत ने 24 वर्षीय लड़की ग्रीष्मा को अपने प्रेमी शेरोन राज की हत्या का दोषी ठहराया है। इस मामले में अदालत ने ग्रीष्मा को मौत की सजा सुनाई है। यह घटना 2022 में हुई थी, जब ग्रीष्मा ने अपने प्रेमी को जहर देकर उसकी जान ले ली थी। सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा, ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है।

**आर्मी अफसर से तय हुई थी शादी**

ग्रीष्मा और शेरोन का रिश्ता 2021 से था। ग्रीष्मा तब अंग्रेजी में पोस्टग्रेजुएट की छात्रा थीं, जबकि शेरोन अपनी स्नातक डिग्री के अंतिम वर्ष में थे। दोनों के बीच संबंध थे, लेकिन 2022 में ग्रीष्मा के परिवार ने उसकी शादी एक आर्मी अफसर से तय कर दी। शादी के लिए तैयार होने के बावजूद उनका संबंध जारी रहा, और जैसे ही शादी की तारीख करीब आई, ग्रीष्मा ने शेरोन को मारने की योजना बनाई।



**कई बार जहर देने की कोशिश**

ग्रीष्मा ने शेरोन को कई बार जहर देने की कोशिश की थी। वह दर्द निवारक दवाओं के बारे में ऑनलाइन शोध करती रही थी। एक बार उसने शेरोन को जूस में जहर मिला कर पीने के लिए दिया, लेकिन जब इसका कोई असर नहीं हुआ, तो उसने शेरोन को जूस पीने के लिए चुनौती दी। शेरोन इससे बच गया, फिर ग्रीष्मा ने उसे आयुर्वेदिक दवाई में जहर मिलाकर दी। 14 अक्टूबर, 2022 को शादी से एक महीने पहले ग्रीष्मा ने शेरोन को अपने घर बुलाया और उसमें कीटनाशक मिला दिया। शेरोन ने इसे सामान्य समझा, लेकिन घर लौटने के बाद वह बीमार हो गया और अस्पताल में भर्ती हो गया।

**मरने से पहले दोस्त से क्या कहा?**

शेरोन की हालत बिगड़ने के बाद उसे 25 अक्टूबर को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। मरने से पहले शेरोन ने अपने दोस्त से कहा था कि ग्रीष्मा ने उसे धोखा दिया और जहर दिया है। परिवार के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और ग्रीष्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि ग्रीष्मा ने शेरोन से अपने निजी पलों की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा था, क्योंकि वह डरती थी कि शेरोन इन तस्वीरों को उसके भावी पति के साथ साझा करेगा।

## दुर्घटना रोकने की तय हो जवाबदेही

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अठ्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दु:ख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं।

यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

## रिश्ते

**सुष्मा सुवर्णा एम., अध्यापिका**

रिश्ते हों तो ऐसे हों जो,
दिलासा दिल को दिलाए।
रिश्ते ना कि ऐसे हों जो, घाव पे
नमक छिडकाए ।।

अपने हों तो ऐसे हों जो,
अनजाने को अपना बनाए।
अपने ना कि ऐसे हों जो, अपनों
से अनजाने हो जाएं ।।

रिश्ते कायम होते वहाँ, अपनों
में प्यार है जहाँ।
रिश्ते रहते नाम के वहाँ, पैसों से
नापा जाए जहाँ ।।

रिश्ते के नाज़ुक धागे को,
रखना महफ़ूज़ हरदम सजाए।
खयाल रहे कि गाँठ न इनमें,
गलती से भी पड़ जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 जनवरी, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष सप्तमी, 12:39 तक, नक्षत्र : चित्रा, 23:30 तक, योग : धृति, 27:45 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:17 चन्द्रोदय : 23:47, चन्द्रास्त: 10:40, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 14:30 से 15:52

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन आय में वृद्धि का है। आपको हर काम में सफलता मिलेगी। इससे आप बहुत खुश होंगे। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों को सम्मान मिलेगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा से मन को शांति मिलेगी। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी रचनात्मक है। आपका काफी समय से रुका हुआ कोई काम पूरा होगा। इससे आपको खुशी मिलेगी। आपके धन में वृद्धि होगी, किस्मत चमकेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन काफी रचनात्मक है। आप जो भी काम लगन से करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। आपके अधूरे काम पूरे हो जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाओं को आप आगे बढ़ाएंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन व्यस्त रहेगा। आपको अपने काम में लाभ होगा और सम्मान मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की सलाह है। बेहतर होगा कि आप दूसरों की बातों पर ध्यान देने की बजाय अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन बहुत ही लाभदायक है। हर काम आपकी योजना के अनुसार पूरा होगा। इससे आपको खुशी मिलेगी। आप नए उत्साह के साथ हर काम पूरा करेंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन आर्थिक मामलों में काफी सकारात्मक रहेगा। आपको फंसे हुए पैसे मिलेंगे, जिससे आपके काम पूरे होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का लाभ मिलेगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठा सकते हैं, आपके लिए लाभ के योग हैं। रोजमर्रा के काम से हटकर कुछ नया करेंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन सामान्य रहेगा। आपको अपने काम में लाभ होगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने से आपका खर्च करने का मन करेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को हर काम बहुत ही सावधानी से करने की सलाह दी जाती है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न करें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए दिन सबसे खास होगा। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम आज आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आप किसी व्यक्ति की मदद कर सकें तो अच्छा रहेगा।

# सनातन धर्म: वर्तमान परिदृश्य का विश्लेषण



डॉ. प्रशस्ति जैन

सनातन धर्म की विशेषता उसकी व्यापकता और समग्रता में निहित है। यह धर्म केवल आस्था और परंपराओं का संगम नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक मार्गदर्शन है जो मानवता, सह-अस्तित्व, और नैतिक मूल्यों पर आधारित है। इसके मूल में समभाव और सह-अस्तित्व की भावना है, जो इसे सभी धर्मों और समाजों के प्रति समावेशी बनाती है। परंतु वर्तमान समय में सनातन धर्म की इस मौलिकता को समझने के बजाय, उसके संकीर्ण और भ्रामक अर्थों का उपयोग किया जा रहा है। इसका दुरुपयोग न केवल समाज में वैमनस्यता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि इसकी गहनता और सारगर्भिता को हास्यास्पद बनाता जा रहा है। सनातन धर्म का तात्पर्य उन शाश्वत और सार्वभौमिक सिद्धांतों से है जो मानव जीवन को अनुशासित और प्रेरित करते हैं। यह केवल हिंदू धर्म के अनुयायियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शिक्षाएं हर उस व्यक्ति पर लागू होती हैं जो मानवता, दया, और सहिष्णुता में विश्वास करता है। दुर्भाग्यवश, इसकी व्याख्या आज कुछ ऐसे राजनीतिक और सामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही है, जो इसे केवल एक धर्म विशेष या वर्ग विशेष तक सीमित कर रहे हैं। यह स्थिति इस बात को इंगित करती है कि सनातन धर्म के व्यापक दृष्टिकोण को संकीर्ण परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप, जैन, सिख, बौद्ध और दक्षिण भारतीय समुदायों को अलग-थलग करने की प्रवृत्ति, सनातन धर्म की मूल भावना के विपरीत है। सनातन धर्म का सार वसुधैव कुटुंबकम् में निहित है, अर्थात पूरी दुनिया एक परिवार है। लेकिन आज इसे वोट बैंक और सत्ता की राजनीति का उपकरण बनाया जा रहा है।

राजनीतिक दलों और नेताओं ने सनातन धर्म की परिभाषा को संकीर्ण रूप से प्रचारित किया है, जिससे समाज में दरार पैदा हो रही है। वोटों की राजनीति में सनातन धर्म का उपयोग किया जाना न केवल इसके मूल उद्देश्य को कमजोर करता है, बल्कि इसकी सार्वभौमिकता को भी प्रश्न के घेरे में लाता है। देश की विविधता को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि किसी भी धर्म या विचारधारा को राजनीतिक लाभ के लिए विभाजन का कारण न बनाया जाए। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में निहित है। हमारे देश में सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, मुस्लिम और पारसी जैसे विभिन्न समुदाय मिलजुलकर रहते आए हैं। लेकिन जब सनातन धर्म को केवल हिंदू धर्म के एक वर्ग तक सीमित किया जाता है, तो यह अन्य समुदायों को अलग-थलग करने और समाज में असमानता बढ़ाने का कारण बनता है।

सनातन धर्म केवल धार्मिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं है। यह एक जीवन पद्धति है जो व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर संतुलन और सामंजस्य स्थापित करती है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को नैतिक, मानसिक, और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है, लेकिन जब इसे कट्टरता और विभाजन का माध्यम बना दिया जाता है, तो यह अपने उद्देश्य से भटक जाता है।

इस संदर्भ में, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि प्रत्येक धर्म की अपनी आचार संहिता होती है। समय के साथ, धर्मों ने अपनी व्याख्याओं और परंपराओं को संशोधित किया है। लेकिन हाल के वर्षों में धार्मिक कट्टरता बढ़ती जा रही है। कट्टरता, चाहे किसी भी धर्म में हो, समाज के लिए हानिकारक है। यह समाज में न केवल वैमनस्यता बढ़ाती है, बल्कि विकास और प्रगति को भी बाधित करती है।

धार्मिक कट्टरता का सबसे बड़ा प्रभाव समाज के सामान्य जनमानस पर पड़ता है। इसका उपयोग अक्सर राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है, जहां नेताओं द्वारा धार्मिक और सामाजिक विभाजन को बढ़ावा दिया जाता है। यह स्थिति न केवल देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है, बल्कि इसके दीर्घकालिक विकास को भी प्रभावित करती है।

इस समस्या का समाधान केवल भाषणों और विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रह सकता। हमें ऐसी नीतियों और रणनीतियों की आवश्यकता है जो सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित करें। धर्म और समाज की सही समझ को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। शिक्षा के माध्यम से हम बच्चों और युवाओं में समावेशी दृष्टिकोण और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इससे न केवल आपसी समझ और सहयोग बढ़ेगा, बल्कि समाज में सद्भाव और शांति भी स्थापित होगी। सरकारों और संगठनों को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए जो धर्म, जाति, या वर्ग के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करें।

आज के समय में, धर्म के नाम पर किए जा रहे विभाजन को रोकने के लिए हमें अपनी जागरूकता बढ़ानी होगी। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि मनुष्य के जन्म के समय कोई धर्म, जाति, या वर्ग निर्धारित नहीं होता। वह केवल एक निर्मल आत्मा होता है। जैसे-जैसे वह बड़ा होता है, समाज और परिवार के माध्यम से उसके मन में भेदभाव और पूर्वाग्रह के बीज बो दिए जाते हैं। हमें इन पूर्वाग्रहों से लड़ने और समाज में समता और समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को बेहतर बनाना है, न कि उसे दूसरे धर्मों या समुदायों के खिलाफ खड़ा करना।

सनातन धर्म की सही व्याख्या और समझ को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक मंचों पर सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों की व्याख्या की जानी चाहिए, ताकि समाज इसकी व्यापकता और समग्रता को समझ सके। विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच सह-अस्तित्व और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

सनातन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक अद्भुत पद्धति है। इसका मूल उद्देश्य मानवता, नैतिकता और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना है। लेकिन वर्तमान समय में इसके संकीर्ण और विकृत अर्थों का उपयोग समाज में विभाजन और वैमनस्यता फैलाने के लिए किया जा रहा है। हमें इस स्थिति से सावधान रहने और समाज में समावेशिता और समानता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। सनातन धर्म की सही समझ को अपनाकर ही हम देश की एकता, विकास और प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। यह केवल एक धर्म विशेष के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए आवश्यक है। अब समय आ गया है कि हम संकीर्ण विचारधाराओं को त्यागें और सनातन धर्म की व्यापकता और सच्चाई को अपनाकर एक सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। यही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसी में देश का विकास और प्रगति निहित है।

-असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग
मनिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर

# क्या आप भी जाएंगे कुंभ में स्नान के लिए?



आर. के. सिन्हा

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है।

कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।

कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उप-स्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साध-ारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणन-ाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इतने विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।

-लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

## विदेश की खबरें

### जयशंकर ने वाशिंगटन में कीं जापान, ऑस्ट्रेलिया के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें

**वाशिंगटन :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को वाशिंगटन में ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों तथा 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। 'क्वाड' डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल की पहल है, इसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पुष्टि किए जाने और विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मार्को रूबियो की अंतरराष्ट्रीय बैठकों के क्रम में 'क्वाड' मंत्रिस्तरीय बैठक उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात के बाद जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज वाशिंगटन में क्वाड की सहयोगी विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से मिलकर खुशी हुई। हमेशा की तरह दुनिया के हालात पर हमने चर्चा की।' जापान के विदेश मंत्री के साथ अपनी बैठक के बाद एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। 'क्वाड' से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।' सत्ता हस्तांतरण टीम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रूबियो और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने को प्राथमिकता देंगे।

### ब्रिटेन में सिख संगठनों ने फिल्म 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग में बाधा डाली

**लंदन :** ब्रिटिश सिख संगठनों ने कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सप्ताहांत में ब्रिटेन के कुछ सिनेमाघरों में फिल्म के प्रदर्शन में बाधा पहुंचायी। सिख प्रेस एसोसिएशन (पीए) नामक संगठन ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह फिल्म 'सिख विरोधी' मानी जा रही है और विरोध प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के बर्मिंघम और वॉल्वरहैम्पटन में उसकी स्क्रीनिंग रद्द कर दी गई है। सामुदायिक संगठन 'इनसाइट यूके' ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें प्रदर्शनकारियों को उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में एक सिनेमाघर में रनौत द्वारा निर्देशित इस फिल्म की स्क्रीनिंग में बाधा डालते हुए दिखाया गया है।

### बांग्लादेश अर्धसैनिक सीमा रक्षकों को सिर्फ आवाज करने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों से लैस करेगा

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि वह देश के अर्धसैनिक सीमा रक्षकों को गैर-घातक आवाज करने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों से लैस करेगी। यह भारतीय सीमा सुरक्षा बल अपनाई गई कार्यप्रणाली की तर्ज पर है। गृह मामलों के सलाहकार सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एम जहांगीर आलम चौधरी ने यहां सचिवालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान इस निर्णय की पुष्टि की। उन्होंने कानून- व्यवस्था पर आयोजित एक बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, हमने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के लिए सिर्फ आवाज करने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों की खरीद को पहले ही मंजूरी दे दी है।

इस बैठक में समाज कल्याण सलाहकार शर्मिन मुर्शिद और मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विशेष सहायक खुदा बख्श भी शामिल हुए थे। इस कदम पर भारत की संभावित प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि नयी दिल्ली के लिए इस निर्णय को नकारात्मक रूप से देखे, इसका कोई कारण नहीं है, क्योंकि उसके सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पास सीमा पर इसी तरह के गैर-घातक हथियार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर है और फिलहाल कोई बड़ी समस्या नहीं है।

### भारतीय समुदाय से जुड़े संगठन ने दी ट्रंप को बधाई, दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ होने की उम्मीद जताई

**वाशिंगटन :** वैश्विक भारतीय समुदाय की गैर-लाभकारी संस्था 'इंडियास्पोरा' ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नए प्रशासन के तहत अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे। 'इंडियास्पोरा' के संस्थापक-अध्यक्ष एमआर रंगास्वामी ने कहा, 'इंडियास्पोरा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की ओर से मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि अमेरिका में नए राजनीतिक माहौल में अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे।'

## वर्ग पहेली नं. 2982

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | 22 | | ■ | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | | | ■ | 30 | |

*बायें से दायें:-* 1) म्लान; बेरौनक; खिन्न, 3) अमिश्रित; इतिमात्र; निपट; बस इतना, 6) हाथी हाँकनेवाला, 8) विकल्पहीन, 9) साधनसंपन्न; बलवान, 10) हत्या, 12) बोली बोलकर माल बेचने का ढंग, 13) जोर से भिड़ना, 15) वक्त, 17) छोला, 18) अधम, 19) पीहर, 20) मिट्टी, चुने, कंकर आदि का दीवार पर लेप, 21) एक राशि, 23) वसंत ऋतु में काटी जानेवाली फसल, 24) ज्ञात; रास्ता लेना, 26) परंपरावादी; सनातनधर्मी, 29) गैरजरूरी, 30) चुमकार; दुलार.

*ऊपर से नीचे:-* 2) बजा; स्वीकार्य; अनुमोदनीय 3) घर; प्रतीक; ध्वज, 4) प्यारा लड़का, 5) उत्पादनगृह; *फ़ैक्टरी*, 7) झूठा संदेह, 9) शब्दसंधि *(व्याकरण)*, 11) मुकरना, 14) अंतरराज्यीय; *नेशनल*, 16) अवसरवादितापूर्ण; स्वार्थी, 17) पराकाष्ठा का, 18) क्षति-पूर्ति, 19) जान लेना, 20) कल के बाद का दिन, 22) रह-रहकर होनेवाली पीड़ा, 25) डोंगा, 27) घीतेलयुक्त; निम्नभाग, 28) घोंसला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | रा | फ़ | ■ | ■ | स | फ़े | द | ■ | अ |
| ■ | ■ | सा | म्य | वा | द | ■ | वा | य | स |
| ता | दा | द | ■ | स | मा | ना | ■ | था | र |
| री | ■ | ■ | द | र | ■ | मं | डी | ■ | दा |
| ड़ा | र | गो | श | ■ | बा | ज़ू | ■ | बे | र |
| ■ | प | ■ | ह | ठी | ■ | र | ब | ड़ी | ■ |
| बँ | ट | वा | रा | ■ | बे | ■ | र | ■ | बा |
| धा | ■ | र्षि | ■ | मे | ह | न | त | ■ | ल |
| ना | स्ति | क | ता | वा | द | ■ | न | क | टी |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2942

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 1 | | 7 |
| | 9 | | | | | 6 | | |
| | 4 | | | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | 4 | |
| | | | | 3 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | 2 | 5 | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | | | 9 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2941 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 2 |
| 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 9 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 | 6 |

# मेदिनीपुर अस्पताल के सात निलंबित पीजीटी ने मुख्यमंत्री को सजा माफी के लिए लिखा पत्र

## 'जब तक सज़ा वापस नहीं ली जाती, तबतक धरना रहेगा जारी', प्रदर्शनकारियों ने कहा

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के सात निलंबित पीजीटी छात्रों ने कॉलेज की अध्यक्ष मौसमी नंदी के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र भेजकर अनुरोध किया कि उनकी सजा माफ की जाए। वे आशावादी हैं कि इससे कुछ न कुछ परिणाम निकलेगा। कॉलेज अध्यक्ष मौसमी नंदी ने भी कहा कि पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। चलो देखते हैं क्या होता हैं।



इस बीच, जूनियर डॉक्टरों ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए रविवार को एक और जीबी बैठक की। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों का एक बड़ा वर्ग अब अपनी मांगों को उग्र आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि अनुरोध के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। जूनियर डॉक्टरों ने पीजीटी पर लगाई गई सजा को रद्द करने की मांग को लेकर सोमवार को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। हालांकि, सामान्य मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग विभागों के अनुसार निर्णय लिए गए। आंशिक हड़ताल को किस प्रकार क्रियान्वित किया जाएगा, इसका निर्णय लिया जाएगा। प्रदर्शनकारी मरीज़ सेवाओं में बाधा उत्पन्न नहीं करना चाहते। ल्लेखनीय है कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई मातृ एवं शिशु मृत्यु के संबंध में अब तक जूनियर एवं वरिष्ठ 13 डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ अनैच्छिक हत्या का मामला भी दर्ज किया गया है। इनमें सात पीजीटी छात्र भी शामिल हैं। जूनियर डॉक्टरों ने खराब सलाइन को दोषी ठहराते हुए जूनियर डॉक्टरों पर अनुचित तरीके से दंड लगाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गई 13 सदस्यीय जांच टीम को चिकित्सकीय लापरवाही के कई साक्ष्य मिले। इसके बाद डाक्टरों पर कार्रवाई हुई।

# कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले के स्टॉलों पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख, गिल्ड को पूरी सूची सौंपने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में स्टॉल आवंटन के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के आदेश पर प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता गिल्ड को इस वर्ष के पुस्तक मेले के लिए आवंटित स्टालों की पूरी सूची अदालत में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। अदालत के आदेश के अनुसार, गिल्ड द्वारा स्टॉलों के आवंटन के तरीके और जिस अधिसूचना के अनुसार यह प्रक्रिया पूरी की गई, उससे संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने चाहिए। गौरतलब है कि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आगामी 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में स्टॉल लगाने की अनुमति नहीं मिलने पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने गिल्ड की स्थिति जाननी चाही और सवाल उठाया कि विश्व हिंदू परिषद को स्टॉल क्यों नहीं दिया गया?

इस दिन, सुनवाई के दौरान गिल्ड ने कहा कि वे एक निजी संगठन हैं, और अदालत ने पिछले मामले (एपीडीआर मामले में) में यह स्पष्ट कर दिया था। गिल्ड ने कहा कि स्टॉल आवंटित करने में कुछ नियमों का पालन किया जाता है और इस वर्ष के पुस्तक मेले के लिए अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गई है। उस अधिसूचना के अनुसार विश्व हिन्दू परिषद कोई प्रकाशन कंपनी नहीं है, इसलिए उन्हें स्टॉल नहीं दिया गया। विश्व हिंदू परिषद ने अदालत में दावा किया कि उनका प्रकाशन गृह 'विश्व हिंदू वार्ता' परिषद का हिस्सा है और वे नियमों के अनुसार स्टॉल पाने के पात्र हैं। संगठन ने यह भी कहा कि हालांकि, गिल्ड एक निजी संगठन है, फिर भी इस अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस विवाद के मद्देनजर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने गिल्ड को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह अदालत को पूरी जानकारी सौंपे कि किसे स्टॉल आवंटित किए गए हैं और यह प्रक्रिया किस प्रकार पूरी की गई। इस मामले में अगली सुनवाई आज, मंगलवार को होगी, जहां अदालत गिल्ड द्वारा प्रस्तुत सूची की जांच के बाद आगे निर्णय लेगी।

## भांगड़ में पुलिस पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा**

जुए का अड्डा तोड़ने के दौरान पुलिस पर हमला किया गया। घटना के बाद घायल पुलिस और नागरिक स्वयंसेवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ये सभी फिलहाल स्वस्थ बताए जा रहे हैं। हालांकि, घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भांगड़ थाना क्षेत्र के सकसर में मला चल रहा था। इसी दौरान खबर मिली कि उस मेले में जुए का अड्डा जमा है। खबर मिलते ही भांगड़ थाने के पुलिस अधिकारियों ने ऑपरेशन शुरू कर दिया। लेकिन, छापेमारी के दौरान कई पुलिसकर्मियों पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया।

## ऐसे अपराधियों को जेल में रखकर पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मामले में संजय राय की सजा से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संतुष्ट नहीं हैं। दूसरी तरफ, तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि सरकार के पास ऐसे अपराधियों को जेल में रखकर पैसा खर्च करने का कोई कारण नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध मौत की सजा के हकदार है। इतना ही नहीं, अभिषेक ने करीबी तौर पर यह भी कहा कि हाल ही में राज्य में रेप-मर्डर के लिए मौत की सजा दी गई है। पुलिस द्वारा मामले को सही ढंग से संभालने के कारण



बलात्कारियों को सजा मिली। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच पर हमारा पूरा भरोसा था, जिसके बाद दोषी को सजा मिली।

# डोमकल में पुलिस पर हमले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल में पुलिस पर हमले का मुख्य आरोपित भगोड़े राणा शेख को पुलिस ने फिर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार की रात उसे मुर्शिदाबाद के सागरपाड़ा थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया। राणा डोमकल में पुलिस पर हमले और चोरी का मुख्य आरोपित है। पुलिस हिरासत से राणा के फरार होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, डोमकल और सागरपाड़ा पुलिस थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से सागरपाड़ा के नवदापाड़ा इलाके में छापेमारी की गई। राणा शेख पुलिस से बचने के लिए एक परित्यक्त शौचालय में छिप गया था। लेकिन वह बच नहीं पाया। घटना के बाद से पुलिस आसपास के इलाके पर कड़ी नजर रख रही है। राणा को सोमवार को 10 दिनों की रिमांड के आवेदन के साथ अदालत में पेश किया गया। पुलिस हिरासत में आरोपितों की पिटाई और लूट की योजना किसने बनाई थी? राणा पिछले कुछ दिनों से कहां छुपा था? उसकी मदद कौन कर रहा था? पुलिस इन सवालों के जवाब तलाश रही है। उल्लेखनीय है कि गत 15 जनवरी की रात को डोमकल थाने के एसआई राणा प्रताप सेनगुप्ता छह पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपित सोहेल राणा उर्फ राणा शेख को लेकर अलीनगर गांव के घाटपाड़ा गए थे। पुलिस का उद्देश्य उसके कब्जे से चोरी की गई वस्तुएं बरामद करना था। लेकिन जैसे ही पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, राणा के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने पुलिस पर चाकुओं और लाठियों से हमला कर राणा को पुलिस से छुड़ा लिया। उन्हें रोकने की कोशिश में एसआई राणा प्रताप सेनगुप्ता घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जांच की और रविवार दोपहर तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पर हमला करने के आरोप में घटना की रात पूर्व तृणमूल प्रमुख मीना बीबी तथा रायपुर पंचायत सदस्य सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## आविर्भाव संकल्प ने किया कंबल वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** सामाजिक संस्था आविर्भाव संकल्प के तत्वावधान में श्री श्री ओंकारनाथ देव वैदिक विद्यापीठ में लगभग 50 वेद पाठक विद्यार्थियों को कंबल प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय ने अपनी टीम को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी और संस्था से जुड़ने के लिए लोगों से आह्वान किया। सदस्य मुकुल शाह ने कहा कि हमारा ध्येय संस्था के माध्यम से लोगों को नई दिशा और नई सोच को जागृत करना है। इस कार्य में अनुष्का उपाध्याय, नितु साह, गायत्री उपाध्याय, आयुष उपाध्याय, योगेश उपाध्याय, प्रकाश मिश्र, निताई सरकार एवं विश्वजीत ठाकुर ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई।

# पार्क सर्कस के केक कारखाने में लगी भीषण आग, दमकल 18 इंजनों मौके पर पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक बार फिर आग भीषण अगलगी की घटना सामने आई है। सोमवार को पार्क सर्कस स्टेशन के करीब स्थित एक केक कारखाने में आग लग गई। इलाका भीड़भाड़ वाला और सड़कें संकरा होने की वजह से दमकल कई इंजन कारखाने तक नहीं पहुंच सके। परिणामस्वरूप, आग तेजी से फैला। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर दमकल की 18 गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां न केवल केक की फैक्ट्री है, बल्कि चमड़े और तांबे की वस्तुएं बनाने वाली फैक्ट्री भी है। एक गोदाम भी है जहां ज्वलनशील पदार्थ मौजूद होने की वजह से आग तेजी से फैल रही है। एहतियात के तौर पर सियालदह दक्षिणी शाखा पर रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पूर्व रेलवे के सूत्रों ने कहा कि आग के कारण बालीगंज-पार्क सर्कस-सर गुरुदास हॉल्ट-कांकुरगाछी कॉर्ड लाइन पर उप-नगरीय ट्रेन सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित हुईं,



और सुरक्षा उपाय के रूप में पार्क सर्कस स्टेशन पर ओवरहेड बिजली की सप्लाई दोपहर 3.44 बजे से काट दी गई है। हालांकि, सियालदह दक्षिण खंड पर ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी था।

## श्री राम सेवक ट्रस्ट ने सैकड़ों तीर्थयात्रियों को कम्बल वितरित किये



**कोलकाता :** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मन्दिर (रामलला) की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर श्री राम सेवक ट्रस्ट ने सैकड़ों तीर्थयात्रियों को कम्बल वितरित किये। ट्रस्ट अध्यक्ष शंकरलाल कारीवाल, सचिव मोहन गोयल ने बताया उद्घाटनकर्ता बाबूलाल धनानिया, सुशील पोद्दार, पवन माधोगढिया, मुरारीलाल तोदी, गोविंदराम खरकिया, द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, अनिल चिड़ीपाल, सुभाष जैन, श्याम सुन्दर बंसल, विष्णुदास मित्तल, बृजमोहन नांगलिया एवम् अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के मार्गदर्शक गोरधन निगानिया, रामस्वरूप खोरड़िया, विकाश गोयल एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। गोरधन निगानिया ने कहा अयोध्या में सेवा प्रकल्पों के निर्माण के लिये कार्यकर्ता प्रयास कर रहे हैं। शंकरलाल कारीवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जैन क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न

**कोलकाता :** टीएचके जैन कॉलेज की तरफ से आयोजित दो दिवसीय इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट जैन क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न हुई। यह टूर्नामेंट मैच काशीपुर स्थित टीएचके जैन कॉलेज के मैदान में आयोजित हुआ। इसमें कोलकाता के आठ विद्यालय व महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सेदारी की। इसमें सेंट्रल मॉडर्न की टीम चैंपियन हुई जबकि कुसुम देवी डेंटल कॉलेज की टीम उप विजेता रही। चैंपियन टीम को बतौर पुरस्कार 11 हजार नगद और ट्राफी प्रदान किए गए। वहीं उप विजेता को 7 हजार नगद और ट्राफी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कॉलेज के ट्रस्टी ललित कांककड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर



कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर मौसमी सिंह सेनगुप्ता सहित अन्य विशिष्ट जन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान शमी तिवारी,सुमित मिश्रा, मेहुल यादव, हर्ष यादव, इंद्रेश सिंह, भी मौजूद थे। कॉलेज के को-ऑर्डिनेटर राजीव मिश्रा की देखरेख में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ ही खेलकूद के लिए भी प्रेरित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अभिनय सिंह, आर्यन साव, भूमिका बंठिया, आशुतोष मिश्रा, पुनीत गुप्ता इत्यादि विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका रही।

## पार्क सर्कस के पास आग की घटना के कारण ट्रेन सेवाएं नियंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में पार्क सर्कस के पास एक कारखाने में सोमवार को भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना के कारण पार्क सर्कस-सर गुरुदास बनर्जी हाल्ट-कांकुरगाछी कॉर्ड लाइन पर ट्रेन सेवाएं 15:44 बजे से नियंत्रित कर दी गई हैं। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए, पार्क सर्कस के कॉर्ड लाइन में ऊपर से विद्युत आपूर्ति 15:44 बजे से काट दी गई है। हालांकि, सियालदह दक्षिण खंड में ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं। एक कैनिंग-बारासात लोकल (33061 अप), जो बालीगंज-सर गुरुदास बनर्जी हाल्ट-कांकुरगाछी रूट से चलने वाली थी, को बालीगंज जंक्शन पर नियंत्रित कर लिया गया है।

## मेट्रो स्टेशन पर एनएसजी का मॉक ड्रिल

**कोलकाता :** पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन पर मध्यरात्रि में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के कमांडोज़ द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल मेट्रो परिसरों को रासायनिक, आतंकवादी या अन्य खतरों से बचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस दौरान एनएसजी कमांडोज़ ने आपातकालीन स्थिति का अभ्यास किया और यात्रियों को सुरक्षित तरीके से बचाने की रणनीति पर काम किया। ड्रिल के लिए मेट्रो की बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया गया और एक मेधा रेक का उपयोग किया गया। कमांडोज़ ने स्टेशन पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लिया और अभ्यास शुरू किया। यह मॉक ड्रिल मध्यरात्रि में शुरू हुई और कई घंटों तक चली। गौरतलब है कि एनएसजी ने इससे पहले भी मेट्रो परिसरों में इस प्रकार के अभ्यास किए हैं, ताकि उनकी तैयारी का स्तर जांचा जा सके और यात्रियों को सुरक्षित बचाने व अपराधियों को पकड़ने की कौशल क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल के नए अध्यक्ष बने सीएस अनुज सरस्वत

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (ईआईआरसी) ऑफ द इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के अध्यक्ष के रूप में सीएस अनुज सरस्वत ने वर्ष 2025 में कार्यभार ग्रहण किया है। इस वर्ष के लिए ईआईआरसी के अन्य पदाधिकारियों में सीएस बिशाल हरलालका (उपाध्यक्ष), सीएस सतीश कुमार (सचिव) और सीएस संतोष कुमार (कोषाध्यक्ष) शामिल हैं। पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष सीएस (डॉ.) मोहित साव ने अपने संबोधन में सीएस अनुज सरस्वत के नेतृत्व कौशल पर भरोसा जताया और उम्मीद व्यक्त की कि वे आने वाले समय में रीजनल काउंसिल को प्रभावी तरीके से मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अंकुर यादव, संयुक्त सचिव (एसजी) और ईआईआरओ प्रमुख ने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। सीएस



अनुज सरस्वत ने अपने भाषण में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन पर विश्वास रखा। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष सीएस (डॉ.) मोहित साव के योगदान की सराहना की और उनसे भविष्य की योजनाओं के लिए मार्गदर्शन की उम्मीद जताई।

ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल के तहत भुवनेश्वर, धनबाद, गुवाहाटी (नॉर्थ ईस्टर्न), हुगली, जमशेदपुर, पटना, रांची और सिलीगुड़ी जैसे आठ चैप्टर आते हैं। इस कार्यक्रम में ईआईआरओ के सदस्य, छात्र और अधिकारी बड़ी संख्या में उप-स्थित थे।

## उच्च शिक्षा विभाग ने आठ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की गठित

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा तैयार किए गए नए मसौदे को राज्य सरकार स्वीकार करेगी या अस्वीकार करेगी, इस पर निर्णय लेने के लिए 8 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। उच्च शिक्षा परिषद के सलाहकार देबनारायण बनर्जी को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग को 31 जनवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। देबनारायण बनर्जी के अलावा समिति में बर्दवान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और लोक शिक्षण निदेशक प्रोफेसर निमाईचंद्र साहा, पश्चिम बंगाल कॉलेज सेवा आयोग के सदस्य प्रोफेसर दीपक कर, जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ओम प्रकाश मिश्रा, कलकत्ता विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के प्रमुख अध्यापक सबुज कुमार चौधरी, पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सौरेन बनर्जी, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. देबज्योति कोनार तथा उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ कानूनी सलाहकार शिलादित्य चक्रवर्ती शामिल हैं।

## उत्तर दिनाजपुर के ग्वालपोखर एनकाउंटर पर हाईकोर्ट में मामला, अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर दिनाजपुर के ग्वालपोखर में हुए एनकाउंटर के बाद अब यह मामला कोलकाता हाई कोर्ट में पहुंच गया है। 18 जनवरी को इस एनकाउंटर में सज्जाक आलम को मार दिया गया। इस घटना के संदर्भ में वकील तापस भंज ने कोलकाता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच में याचिका दाखिल की। उनका कहना था कि राष्ट्रीय पुलिस आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि पुलिस के पास कोई कैदी सुरक्षित नहीं है, तो अदालत को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। सोमवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करने की अनुमति दी और कहा कि अतिरिक्त हलफनामा देकर इस मामले को विशेष बेंच में प्रस्तुत किया जा सकता है। इस सप्ताह इस मामले की सुनवाई होने की संभावना है, हालांकि जेल संबंधी मुद्दे पर एक अन्य डिवीजन बेंच में मामला चल रहा है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि सुनवाई किस बेंच में होगी। उल्लेखनीय है कि, 15 जनवरी को सज्जाक आलम को इस्लामपुर कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद उसे प्रिजन वैन से रायगंज केंद्रीय सुधार गृह भेजा जा रहा था। रास्ते में ग्वालपोखर के पंजिपाड़ा इलाके में एक काली मंदिर के पास सज्जाक ने शौच के लिए प्रिजन वैन से उतरने की अनुमति मांगी और फिर वैन से उतरते ही उसने दो पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने सज्जाक को हथियार सप्लाई करने के आरोप में शेख हजरत को गिरफ्तार किया।

## कोलकाता के सुशील ओझा को मराठवाड़ा में विप्र रत्न सम्मान



**संभाजी नगर/कोलकाता :** विप्र फाउंडेशन महाराष्ट्र जोन-12सी द्वारा मराठवाड़ा के 15 जिलों के विभागीय सम्मेलन में कोलकाता के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता व विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा को विप्र रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने सुशील ओझा को संस्था की ओर से पुष्पगुच्छ द्वारा आशीर्वाद दिया। अन्य वरिष्ठों ने उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट किया। इस मौक़े पर मंच पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया ताई राहटकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान सांसद भागवत कराड, वरिष्ठ उद्योगपति राम वोघले, कार्यक्रम के मुख्य कर्ता आर बी शर्मा, हरिनारायण व्यास, जगदीश मिश्रा, श्रीकिशन जी जोशी, सीए डॉ. सुनील शर्मा, राजेश बुटोले, बृजमोहन शर्मा, दामोदर पांडे, अनिल शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक वरिष्ठजन मौजूद थे।

# रेलवे सुरक्षा बल में डिजिटल क्रांति, भविष्य की सुरक्षा संरचना की दिशा में कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे देश की जीवनरेखा है। रेलवे प्रतिदिन अपने विशाल 68 हजार किमी नेटवर्क पर लाखों यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाता है। हालांकि, यह गर्वित प्रणाली सुरक्षा चुनौतियों से जूझती है, जैसे चोरी, तोड़फोड़ और साइबर खतरों से। रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षा उपायों को आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है, ताकि सुरक्षा को पारंपरिक उपायों से आगे बढ़ाकर तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा सके। आरपीएफ का कार्यक्षेत्र विशाल और जटिल है। प्रतिदिन 23 मिलियन यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है, जिसमें सैकड़ों रेलवे स्टेशनों पर निगरानी, आपातकालीन



स्थिति में प्रतिक्रिया, और विभिन्न प्रकार के खतरों से सुरक्षा प्रदान करना शामिल है। इसके साथ ही आरपीएफ ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से सुरक्षा उपायों को मजबूत किया है।

आरपीएफ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर अपराधों की पहचान और रोकथाम के नए तरीके अपनाए हैं। इसके अलावा, बायोमेट्रिक आधारित प्रवेश प्रणाली और स्मार्ट आर्मरी जैसी तकनीकें रेलवे सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। सीसीटीवी निगरानी और फेस रेकग्निशन सिस्टम के साथ अपराधियों का पता लगाना अब और भी आसान हो गया है। मेरी सहेली जैसे ऐप्स महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं, जबकि संग्यान ऐप से रेलवे बल के कर्मचारियों को नए कानूनों की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा, साइबर सेल और प्रबल जैसे तकनीकी उपायों से रेलवे के अंदर होने वाली अपराध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। आरपीएफ का उद्देश्य भविष्य में एक स्मार्ट और सुरक्षित रेलवे नेटवर्क बनाना है, जिसमें आईओटी-सक्षम स्टेशनों, साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा सेवाओं का समावेश होगा। डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से, रेलवे सुरक्षा बल ने अपने कार्यों में न केवल सुधार किया है, बल्कि सुरक्षा और यात्री अनुभव को भी बेहतर बनाया है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · PROPERTY · RECRUITMENT
EDUCATION · NAME CHANGE · PUBLIC NOTICE
OBITUARY · REMEMBRANCE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# सुप्रीम कोर्ट की शर्तों के तहत पार्थ चटर्जी को इडी मामले में जमानत, लेकिन जेल से मुक्ति नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्थ चटर्जी को प्राथमिक नियुक्ति घोटाले के इडी मामले में 10 लाख रुपये के बॉन्ड पर जमानत मिल गई है। हालांकि, उनका जेल से रिहाई अभी नहीं होगी, क्योंकि सीबीआई के मामले में उनका नाम जुड़ा हुआ है और उसकी न्यायिक प्रक्रिया पहले से शुरू हो चुकी है। पार्थ चटर्जी का प्रभावशाली व्यक्ति होने का तर्क बार-बार उनके जमानत आवेदन को खारिज करने का कारण बना। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत को लेकर जटिलताएं उत्पन्न हुईं। गत 13 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत मंजूर की, लेकिन इसके साथ कई शर्तें भी लगाई थीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, इडी ने चार्ज निर्धारण की प्रक्रिया शुरू की और गवाहों के बयान दर्ज किए। इसके बाद सोमवार को, शीर्ष अदालत के निर्देश के एक महीने सात दिन बाद, कोलकाता की अदालत में शुभेंदु साहा के समक्ष पार्थ को जमानत मिल गई। हालांकि, जमानत केवल इडी के मामले के संदर्भ में है, और सीबीआई के मामले में अभी भी न्यायिक प्रक्रिया जारी है, जिसके कारण पार्थ की जेल से रिहाई संभव नहीं है।

### जेल में फिर बीमार हुए पार्थ, एसएसकेएम अस्पताल के आपातकालीन विभाग में भर्ती



**कोलकाता, समाज्ञा :** नियुक्ति घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की तबीयत जेल में बिगड़ गई है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जिससे उन्हें इलाज के लिए कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल भेजा गया। शुरुआत में पार्थ को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में भर्ती किया गया था, और बाद में उन्हें कार्डियोलॉजी विभाग में भेजा गया। सूत्रों के अनुसार, उस समय पूर्व मंत्री के चेहरे पर ऑक्सीजन मास्क था। जेल में बंद होने के बाद से वह पैरों की समस्या से भी जूझ रहे हैं। जेल अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अचानक पार्थ चटर्जी को जेल में तबियत खराब महसूस हुई। जेल के चिकित्सकों ने उनका प्रारंभिक शारीरिक परीक्षण किया और बाद में एसएसकेएम अस्पताल भेजने का निर्देश दिया। यह पहला मौका नहीं है, जब पूर्व मंत्री जेल में बीमार पड़े हैं। इससे पहले भी वह प्रेसिडेंसी जेल में अस्वस्थ हो गए थे और उन्हें कुछ समय के लिए एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा : ममता

## मुख्यमंत्री ने मालदह में मृत पार्षद की पत्नी से की मुलाकात



**मालदह :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिले का दौरा करने के बाद मालदह के इंग्लिश बाजार में हत्या किये गये तृणमूल पार्षद दुलाल सरकार के घर गयीं। मुख्यमंत्री और तृणमूल नेता दुलाल की पत्नी चैताली घोष ने सोमवार की दोपहर मुलाकात की। बता दें कि गत 2 जनवरी को इंग्लिशबाजार के महानंदापल्ली में बदमाशों ने दुलाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने बिहार निवासी मोहम्मद समी अख्तर, अब्दुल गनी और इंग्लिशबाजार के टिंकू घोष, अभिजीत घोष और अमित रजक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में, नरेंद्रनाथ तिवारी और स्वपन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। नरेंद्रनाथ मालदह शहर के तृणमूल अध्यक्ष थे। नरेंद्रनाथ की गिरफ्तारी होते ही तृणमूल ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया। पुलिस ने कहा कि नरेंद्रनाथ और स्वपन तृणमूल नेता दुलाल की हत्या के 'प्रमुख मास्टरमाइंड' है। मालूम हो कि दुलाल की हत्या 50 लाख रुपये की सुपारी देकर की गयी थी। इसके बाद, पुलिस ने तृणमूल नेता की हत्या की जांच के लिए एक सिट का गठन किया। मालूम हो कि दुलाल को मारने के लिए कुल चार 'शूटर' अकुसयल गए थे। इनमें बिहार निवासी 'शूटर' मोहम्मद अंसार को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। कुछ अभी भी फरार है।

### 100 किलो गांजा के साथ 7 पकडे गए

**हुगली, समाज्ञा :** रविवार देर शाम के बाद एनसीबी की एक टीम ने कनाईपुर बारुजीवी में छापेमारी की और वहां सुजीत दास के घर पर मौजूद चार पहिया वाहन की तलाशी ली और 100 किलो गांजा बरामद किया। सुजीत के अलावा उनके बेटे शुभंकर दास और उस घर से पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो ओडिशा से, एक झारखंड व दो पश्चिमी मिदना-पुर का बाशिंदा है। एनसीबी को ओडिशा से हुंडई कार में गांजा की तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने रात के अंधेरे में कनाईपुर में छापेमारी की और उत्तरपाड़ा थाने की कनाईपुर चौकी की पुलिस की मदद से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी ने पारडानकुनी इलाके में सुजीत एक होटल पर भी छापा मारा। गिरफ्तार लोगों को न्यूटाउन स्थित एनसीबी कार्यालय ले जाया गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि इसके पीछे एक अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का हाथ है।

# 10 करोड़ रुपये की ब्राउन शुगर के साथ एक संदिग्ध गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह टाउन के आरपीएफ/पोस्ट और जीअ-ारपीएस/मालदह की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह घटना 19 जनवरी की है। जिसमें कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 13034 डाउन) में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। संदिग्ध की तलाशी लेने पर 2.115 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह मादक पदार्थ मौके पर जीआरपीएस अधिकारियों द्वारा आरपीएफ/पोस्ट/मालदह के एएसआई एम.के.रे की उपस्थिति में जब्त किया गया। इसके बाद, जीअ-ारपीएस/मालदह ने मामला दर्ज किया और आगे की जांच शुरू कर दी। पूर्व रेलवे अवैध गतिविधियों से निपटने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी टीमों के समर्पित प्रयासों को जारी रखे हुए है।

# बासंती में नाबालिग का नग्न शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

## बीते 10 दिनों से आठवीं कक्षा की छात्रा थी लापता



**कोलकाता, समाज्ञा :** इसे बंगाल की विडम्बना कहें या फिर कुछ और, सोमवार को जब आरजीकर अस्पताल की डॉक्टर के दुषकर्म और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई तब राज्य में एक और नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या का एक और मामला सामने आया। घटना दक्षिण 24 परगना के बासंती थाना इलाके की है। जहां आठवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपों के तहत सनसनी फैल गई है और पुलिस प्रशासन का सिरदर्द जहां बढ़ गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बासंती निवासी उक्त आठवीं कक्षा की एक छात्रा 9 जनवरी से लापता थी। जांच के दौरान पुलिस ने सोमवार की दोपहर लापता छात्रा के घर के पास एक खेत में खुदाई की और उसका नग्न शव बरामद किया। इस दिन, दोपहर में जब बासंती में छात्रा का शव बरामद किया गया तो वहां लोग मरने मारने के लिए उतारु हो गए। ग्रामीणों ने शव के साथ पुलिस को घेरकर विरोध प्रदर्शन भी किया। बाद में, पुलिस ने उचित जांच का आश्वासन देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार का आरोप है कि इस घटना के पीछे इलाके के कुछ युवक शामिल हो सकते हैं। आरोप है कि आरोपियों ने लड़की से दुष्कर्म किया और हत्या के बाद उसे जमीन में दफना दिया। लापता छात्रा के परिवार ने 9 जनवरी को पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक पलाश चंद्र धाली ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### नदिया में दो बांग्लादेशी नागरिकों के साथ एक दलाल गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में पुलिस ने दो बांग्लादेशियों के साथ एक दलाल को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, नदिया के हांसखाली थाने की पुलिस ने दो बांग्लादेशियों के साथ एक दलाल को गिरफ्तार किया है। दोनों बांग्लादेशियों के नाम अनूप चक्रवर्ती एवं प्रीतम विश्वास है, जबकि दलाल का नाम हसानूर मंडल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोपनीय सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हांसखाली थाने की पुलिस ने रात 2 बांग्लादेशियों और एक दलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों बांग्लादेशी नागरिक कुछ महीने पहले अवैध रूप से भारत में घुसे थे। गत रविवार की रात वे अवैध रूप से सीमा पार करने की योजना बना रहे थे। इसलिए उन्होंने दलाल की मदद ली। गुप्त सूत्र से सूचना मिलने पर हांसखाली थाने की पुलिस ने दोनों बांग्लादेशी नागरिकों को एक दलाल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस कोर्ट से आरोपियों की रिमांड मांगेगी।

# राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य का बढ़ाया मान

**हुगली, समाज्ञा :** कर्नाटक के बेलगावी में इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन की तरफ से जनवरी महीने में आयोजित राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर श्रीरामपुर के रहने वाले विश्वजीत विश्वास (आर्यन ) ने न सिर्फ जिले का बल्कि राज्य का नाम देशभर में गौरवांतित किया है। अब वह एशियन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता की तैयारी का रहे हैं। स्वर्ण पदक हासिल कर वापस लौटने पर उनके प्रशसंकों ने उन्हें सम्मानित किया केक काटा और खुशिया मनाई। विश्वजीत ने बताया कि सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरुरत होती है जिस तरह से सिद्धि पाने के लिए साधना की वैसे ही सफलता हासिल करने के लिए एकाग्रता लगन और मेहनत की जरूरत होती है। वे 250 उभयलिंगी बच्चों को जिम सिखाते हैं। उनकी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत माता पिता मित्रों और उनके गुरु का महत्वपूर्ण योगदान रहा गुरु मनोज दास ने उन्हें बॉडी बिल्डिंग का गुर सिखाया तो अन्य ने प्रोत्साहित किया। इससे पहले वर्ष 2024 के दिसंबर महीने में हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में वह स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं। कई 2020 से सफलता उनके कदम चुम रही है। कहा कि कर्नाटक में



आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया था इनमें से अधिकांश इंडियन नेवी,आर्मी समेत सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी थे। इन सभी को मात देते हुए उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया। कहा कि महिला हो या पुरुष सभी को एक घंटे तक व्यायाम, जिम योग इत्यादि करने चाहिए इससे काया निरोग रहती है। वह श्रीरामपुर में आरबी फिटनेस के जिम का संचालन करते हैं। युवाओं में फिट रहने की अलख जगाने के साथ-साथ आर्थिक असक्षम को निशुल्क जिम सिखाते हैं। उनके जीवन का मकसद मानव होकर मानव की सेवा करना है।

# जेल से छूटने के बाद 15 माह बाद विधानसभा पहुंचे पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन घोटाले में जमानत मिलने और जेल से मुक्त होने का बाद पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक पहली बार विधानसभा पहुंचे। सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे वह विधानसभा पहुंचे। जमानत देते हुए कोर्ट ने शर्त रखी है कि किसी भी तरह से मीडिया के सामने मुंह नहीं खोला जा सकता। इसलिए वह शुरू से ही सावधान थे। ज्योतिप्रिय से कई बार मीडिया प्रतिनिधियों ने कई तरह के सवाल पूछे, लेकिन वह किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। विधानसभा में आने के बाद ज्योतिप्रिय तृणमूल विधायक दल के मुख्य सचेतक निर्मल घोष के कक्ष में गए। वहां उन्होंने निर्मल से विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए जरूरी काम के बारे में बात की। उस कमरे में उनकी



मुलाकात कई विधायकों के साथ हुई। वहां ज्योतिप्रिय मल्लिक ने विधायकों से पूछा कि उत्तर 24 परगना जिला तृणमूल संगठन कैसे चल रहा है। इस दिन, ज्योतिप्रिय की तरह स्वरूपनगर विधायक वीणा मंडल और आमडांगा के विधायक रफीकुर रहमान भी विधानसभा आए थे। बनगांव के तृणमूल नेता रतन घोष भी थे। पूर्व मंत्री मुख्य रूप से उत्तर 24 परगना तृणमूल के शाखा संगठन से जुड़े मुख्य सेचतक निर्मल घोष समेत इन तीन नेताओं के साथ संगठन पर चर्चा करते नजर आए।

# विभिन्न पार्टी के 16 सदस्य तृणमूल में शामिल

**कोलकाता :** 1 ब्लॉक मगरा हाट में विभिन्न पार्टी के 16 सदस्यों के तृणमूल में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने अपना बहुमत खो दिया। विधायक की आशंका है कि, पंचायत उनके हाथों से निकल जाएगा। मगराहाट पश्चिम विधानसभा के उत्तर कुसुम पंचायत के कांग्रेस, आईएसएफ, माकपा और निर्दलीय दलों के कुल 16 पंचायत सदस्य तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। पिछले पंचायत चुनाव में कांग्रेस, सीपीआई (एम), आईएसएफ और निर्दलीय सदस्यों ने मिलकर पंचायत मगराहाट ब्लॉक नंबर 1 के उत्तर कुसुम पंचायत में का गठन किया था। 2023 के पंचायत चुनाव में उत्तर कुसुम पंचायत की 29 सीटों में से 12 पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि बाकी सीटों पर कांग्रेस और अन्य दलों ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने सीपीएम समेत



अन्य दलों के समर्थन से पंचायत प्रधान का गठन किया था। लेकिन अब 16 सदस्य तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। 16 सदस्यों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद मगराहाट पश्चिम विधानसभा के विधायक गयासुद्दीन मोल्लाह ने कहा कि 2023 के पंचायत चुनाव में उत्तर कुसुम पंचायत की 29 सीटों में से तृणमूल कांग्रेस को 12 और कांग्रेस के साथ-साथ सीपीएम, आईएसएफ और निर्दलीय भी सीटों पर कब्जा किया। आज मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के 10, आईएसएफ के 4, सीपीआई (एम) के 1 और 1 निर्दलीय सदस्य सांसद सांसद बापी हलधर के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए।

### जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मार्च की अनुमति के लिए हाईकोर्ट पहुंची भाजपा समर्थित संगठन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा समर्थित एक संगठन ने आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मार्च की अनुमति के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। संगठन के मुताबिक, वे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में 24 जनवरी को कॉलेज स्क्वायर से धर्मतल्ला के डोरिना क्रासिंग तक मार्च निकालना चाहते हैं। संगठन ने सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए जुलूस की अनुमति के लिए मामला दायर करने की मांग की। जज ने मामला दायर करने की इजाजत दे दी। मंगलवार को जस्टिस घोष की पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई होने की संभावना है।

# काशी विश्वनाथ सेवा समिति की ओर से खिचड़ी वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने गत 9 से 15 जनवरी तक गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बाबूघाट में दिन-रात सेवा कार्य किया। शनिवार को बड़ाबाजार में समिति भवन के बाहर से मसालेदार खिचड़ी का वितरण किया गया। महाप्रसाद खिचड़ी वितरण समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं संस्था के प्रधान सचिव विमल दिवान के आदेशानुसार उप सचिव पवन बंसल और सुभाष सावलदावाला के देखरेख में 6,000 लोगों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सोनू बोहरा, विमल मुरारका, संजय अग्रवाल, महेश काबरा, हरि नारायण दुबे, सुमित चौधरी, राजेश अग्रवाल, सुमित गुप्ता आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के कर्मचारीवृंद का वनभोज मनाया गया

**हावड़ा :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के कर्मचारीवृंद का वनभोज संपन्न हुआ। इस बार वनभोज का आयोजन अग्रसेन धाम घोड़ाघाटा,बागनान में किया गया। प्रातः 8:45 बजे चार वातानुकूलित बसें निर्धारित समय पर विद्यालय से प्रस्थान की तथा लगभग 10.30 बजे तथाकथित स्थल पर पहुँची।

इस पिकनिक के आनंद को दोगुना करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), निर्मल सराफ (महासचिव महाराजा अग्रसेन धाम,घोड़ाघाटा) की उपस्थिति के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, सभी शिक्षिकाएँ, प्रशासनिक विभाग, वित्तीय विभाग एवं ग्रुप डी के सभी सदस्य मौजूद थे। उद्यानिका



(पिकनिक) का आनंद सभी ने स्वादिष्ट जलपान सैंडविच, कचौड़ी सब्जी, पोहा, केसरिया जलेबी के साथ आरंभ किया और स्वादिष्ट व लजीज व्यंजनों के साथ यह दौर चलता रहा। शिक्षिकाओं द्वारा सुमधुर गीत व नृत्य प्रस्तुति की गई। चारों तरफ का प्राकृतिक सौंदर्य आकर्षित करने वाला था। वातावरण में अत्यंत मधुरता थी। सुंदर प्रांगण में सभी सदस्यों ने मिलजुल कर भिन्न-भिन्न तरह के खेलों में भाग लिया और पुरस्कृत भी हुए।

पूरा दिन विद्यालय के सभी सदस्यों ने मिलजुल कर आमोद-प्रमोद के साथ बिताया और पूरी व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की। हर्षोल्लास के साथ पूरा दिन बिताने के बाद लगभग 5:00 बजे सभी सदस्य मधुर यादों को मन में संजोये अपने - अपने घर की तरफ रवाना हुए।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला प्राथमिक विद्यालय संसद अधीन सदर दक्षिण चक्र का 42वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शिवपुर स्थित सुदीप चटर्जी क्रीड़ांगन में संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने 75 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, आलू दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, योगासन, फूटबॉल, थ्रो में हिस्सा लिया। प्रत्येक विभाग से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सदर दक्षिण चक्र सब इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल नवनीता राजवंशी, रमा सांन्याल, प्रधान शिक्षक शैलेंद्र कुमार राय, दिनेश नागर, श्रीराम राय, पिंटू शाह, शर्मिष्ठा मुखर्जी, लीली दे, देवायन चक्रवर्ती, अनिरूद्ध बनर्जी, संजय कुमार, अभय तिवारी, इस्तियाक अहमद आदि शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक उपस्थित थे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 442 छात्र-छात्रायें हिस्सा लिये।

# हाईकोर्ट पहुंचे डॉक्टर असफाकुल्ला, पुलिसी नोटिस के खिलाफ दायर की याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** जूनियर डॉक्टर असफाकुल्ला नाइया ने पुलिस की तरफ से भेजे गए नोटिस के खिलाफ कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने उन्हें इस मामले में याचिका दायर करने की अनुमति दी है। इस मामले की सुनवाई इस सप्ताह होने की संभावना है। बता दें कि डॉक्टर असफाकुल्ला पर पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) होने के बावजूद ईएनटी सर्जन के तौर पर इलाज करने का आरोप है। इस मामले में राज्य मेडिकल काउंसिल ने उन्हें बीते बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा था। इस बीच, गुरुवार की सुबह पुलिस ने उनके दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप स्थित घर पर छापा मारा। पुलिस ने वहां से कुछ दस्तावेज जब्त किए और सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने में हाजिर होने का नोटिस जारी किया। डॉक्टर असफाकुल्ला ने दावा किया है कि उन्हें आरजीकर मेडिकल कॉलेज के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि पुलिस और प्रशासन मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। उनके भाई, अलीउल्ला नाइया ने भी आरोप लगाया कि पुलिस बिना किसी नोटिस के घर आई और कुछ दस्तावेज लेकर चली गई। डॉक्टर असफाकुल्ला ने कहा कि वह पुलिस के बुलावे पर थाने जाएंगे, लेकिन अब उन्होंने हाईकोर्ट में पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ याचिका दायर कर दी है।

# आईएसएएफ को शहीद मिनार में सभा की अनुमति, नौसाद सिद्दीकी को शारीरिक रूप से उपस्थित होने की मनाही

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता स्थित शहीद मिनार मैदान में अपनी स्थापना दिवस पर सभा करने के लिए इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएएफ) को हाई कोर्ट से शर्तों के साथ अनुमति मिल गई है। हालांकि, इस सभा में पार्टी के नेता और विधायक नौसाद सिद्दीकी शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। उन्हें केवल वर्चुअली सभा में भाग लेने की अनुमति दी गई है, जैसा कि जस्टिस तीर्थंकर घोष ने कहा। आईएसएएफ ने पहले पुलिस से शहीद मिनार मैदान में सभा आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। उनका कहना था कि सेना से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा सभा की अनुमति नहीं दी जा रही थी। पुलिस ने आरोप लगाया कि 2023 में आईएसएएफ द्वारा इसी क्षेत्र में सभा के दौरान भारी अशांति फैल गई थी, जिसके कारण पार्टी के 19 नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस वजह से उन्हें शहीद मिनार मैदान में सभा की अनुमति नहीं दी गई थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस घोष ने पुलिस से पूछा कि, मध्य कोलकाता के अलावा अन्य कहां-कहां बैठक, मार्च या सभा आयोजित की जा सकती है, इस पर उन्हें एक सूची तैयार करने का निर्देश दिया। सुनवाई के बाद, न्यायमूर्ति ने यह भी आदेश दिया कि सभा 12:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी, जिसमें 3,000 से अधिक लोगों की जमा होने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही पुलिस को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# कुलतली में पुलिस से मारपीट, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक और जगह पर पुलिस कर्मियों पर हमले का मामला सामने आया है। दक्षिण 24 परगना के कुलतली इलाके में पुलिस कर्मियों पर हमला हुआ है। घटना के सिलसिले में सुखेन दास और स्वप्न दास नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि नशे में धुत इन दोनों ने पुलिस कर्मियों के साथ न केवल बदसलूकी की, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर उनके साथ हाथापाई भी की। सोमवार को जारी पुलिस के बयान के अनुसार, रविवार की शाम बारुइपुर के उत्तरी भाग के निवासी सुखेन और स्वप्न अपने चार दोस्तों के साथ कैखाली घूमने गए थे। वापसी के दौरान कुलतली के जामतला बाजार इलाके में उन्होंने अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ी कर दी, जिससे भारी ट्रैफिक जाम लग गया। जब पुलिस ने गाड़ी हटाने के लिए कहा, तो दोनों ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार में उस समय मेला लगा हुआ था, जिससे भीड़ सामान्य दिनों से अधिक थी। इसी बीच, दोनों युवकों ने पुलिस कर्मियों से झगड़ा किया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। बाद में, अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को दोनों को बारुइपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# हावड़ा के बर्न स्टैंडर्ड कारखाने में अचानक आग, मौके पर पहुंची दमकल के 6 इंजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा स्थित बर्न स्टैंडर्ड कारखाने में सोमवार शाम को अचानक आग लग गई। यह घटना शाम को कारखाने के एक बंद गोदाम में हुई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कारखाने में काम कर रहे कुछ कर्मचारी समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल के 6 इंजन कई घंटों की मशक्कत के बाद रात तक आग पर पूरी तरह काबू पाने में सफल हुए। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि शाम को गोदाम में गैस कटर से लोहा काटने का काम हो रहा था, तभी



एक चिंगारी लकड़ी और अन्य कचरे में फैल गई, जिससे आग लग गई। आग लगने के कारण गोदाम का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। शीतकालीन मौसम के कारण हवा तेज़ होने से आग ने तेजी से कारखाने के अन्य हिस्सों में फैलने की कोशिश की, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता से आग अधिक नहीं फैली। हावड़ा थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुँच गई थी और मामले की जांच जारी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 45 नृत्य शैलियों के 5,000 से ज्यादा कलाकार देंगे प्रस्तुति

**नयी दिल्ली :** भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए 45 से अधिक नृत्य शैलियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 5,000 से अधिक कलाकारों का एक समूह 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रस्तुति देगा। अधिकारियों ने कहा कि 'जयति जय मम भारतम' शीर्षक वाले इस कार्यक्रम की परिकल्पना संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादमी द्वारा की गई है और इसे गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर प्रस्तुत किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, इस उल्लेखनीय प्रस्तुति में भारत की 45 से अधिक पारंपरिक और लोक नृत्य शैलियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 5,000 से अधिक कलाकार शामिल होंगे। जिन नृत्य शैलियों को प्रदर्शित करने की योजना है उनमें झिझिया (बिहार), मयूर रास (उत्तर प्रदेश), डांगी (गुजरात), लंबाडी (तेलंगाना) और पुरुलिया चौ (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं।

### भाजपा नेता और पूर्व सांसद शमशेर सिंह मन्हास का जम्मू में निधन

**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य शमशेर सिंह मन्हास का सोमवार को यहां उनके आवास पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। मन्हास (65) के परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और एक बेटी हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मन्हास के निधन पर दुख जताया है। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वरिष्ठ नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य के निधन से दुखी हूं... वह हमेशा लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध थे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र रैना ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के पूर्व अध्यक्ष मन्हास पिछले करीब छह महीने से बीमार थे और आज दोपहर उन्होंने जम्मू में तोफ शेरखानियां स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मन्हास को श्रद्धांजलि देते हुए रैना ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर की एक सशक्त आवाज थे, जो 2015 में राज्यसभा के सदस्य बने। रैना ने कहा, ''वह भाजपा के अनुशासित सिपाही थे और उनका निधन पार्टी और समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है।''

### दिल्ली के उपराज्यपाल ने पुलिस को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया



**नयी दिल्ली :** मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मद्देनजर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या ''घुसपैठियों'' की पहचान के लिए ''विशेष अभियान'' शुरू करने का निर्देश दिया है। राज निवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज निवास से आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि उपराज्यपाल ने खान के साथ हुई गंभीर आपराधिक घटना का उल्लेख किया है, जिसमें एक बांग्लादेशी नागरिक ने कथित तौर पर घर में घुसकर हमला किया।

### एटीएस एल्गी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अगली पीढ़ी के ऑटोमोटिव समाधान किए पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** एटीएस एल्गी, गैराज उपकरण निर्माता कंपनी और एल्गी इक्विपमेंट्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, ने भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में उन्नत ऑटोमोटिव सेवा समाधानों की नई श्रृंखला का प्रदर्शन किया। एटीएस ने इस अवसर पर टचलेस व्हील अलाइनर, हाई परफॉर्मेंस कोलुशन रिपेयर सिस्टम (सीआरएस), एडवांस्ड वेल्डिंग इक्विपमेंट और वीआर तकनीक से लैस डायग्नोस्टिक्स उपकरण प्रस्तुत किए। यह नवाचार 18 से 21 जनवरी तक यशोभूमि में आयोजित ऑटो एक्सपो कंपोनेंट्स शो में बूथ नं. 7, हॉल 02 पर दिखाए गए। एटीएस एल्गी के प्रबंध निदेशक, प्रवीण तिवारी ने कहा, हमारा उद्देश्य उन्नत, टिकाऊ और विश्वसनीय समाधानों के साथ ऑटोमोटिव सेवा उद्योग को नया रूप देना है।

# एनसीसी कैडेट्स को प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में योगदान देना चाहिए: राजनाथ




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व कैडेट हैं और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने में एनसीसी कैडेट्स को योगदान देना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दिल्ली छावनी में जारी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर शिविर के दौरे पर कैडेट और अधिकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह एनसीसी कैडेट्स में भारत की छवि देखते हैं। देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 30 दिसंबर से शुरू हुआ है और 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ इसका समापन होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 लड़कियां कैडेट भी भाग ले रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी शिविर में कैडेट्स की एकता और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''भारत में शरीर अनेक हो सकते हैं लेकिन आत्मा एक है, अनेक शाखाएं हैं लेकिन जड़ एक है, अनेक किरणें हैं, लेकिन प्रकाश पुंज एक है।'' अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं ''एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिक विज्ञान के शिक्षक थे।'' उन्होंने कहा कि कैडेट्स की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और उज्ज्वल रहेगा। सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन का संचार करती है। सिंह ने सरकार के 'विकसित भारत' विजन के बारे में भी बात की और बताया कि 1947 में मिली आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के महत्वाकांक्षी विजन को साकार करने में कैडेट क्या भूमिका निभा सकते हैं।

### छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर, कोबरा कमांडो घायल

**गरियाबंद/भुवनेश्वर :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गईं और सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन का एक जवान घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोबरा कमांडो की चोट मामूली है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) निखिल राखेचा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर पुलिस थाने के अंतर्गत जंगल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी हुई। एसपी ने बताया कि छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कोबरा तथा ओडिशा से विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवान अभियान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है।

## अगले पांच साल में दिल्ली के युवाओं को रोजगार देना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी: केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सत्ता में आती है तो उनकी शीर्ष प्राथमिकता युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना होगा। दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, ''मैं जो सबसे बड़ा काम करने जा रहा हूं, वह रोजगार पर है। मैं अपने युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करूंगा। हमारे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।'' अपने संबोधन के दौरान 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में अपनी पार्टी की सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिसमें लोगों को मुफ्त बिजली, पानी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों की स्थिति में सुधार करना भी शामिल है। केजरीवाल ने कहा, हम मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा और अच्छी सरकारी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। आप उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा जैसे भाजपा शासित राज्यों में अपने रिश्तेदारों को फोन कर सकते हैं और पूछ सकते हैं कि क्या उनका बिजली बिल शून्य आता है।''

## दिल्ली में गर्म रहा सोमवार का दिन, अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में सोमवार का दिन गर्म रहा और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार धूप खिलने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' रही और 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 314 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच वायु एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में 19 जनवरी को अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो छह वर्षों में सबसे गर्म जनवरी का दिन था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उस दिन दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग स्थित वेधशाला द्वारा दर्ज किया गया अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री अधिक था। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में आखिरी बार जनवरी का अधिकतम तापमान 21 जनवरी 2019 को 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। सुबह के समय मुख्य सतही हवा उत्तर-पश्चिम से चलने की उम्मीद है, जिसकी गति छह किलोमीटर प्रति घंटे से कम होगी।

## सड़क सुरक्षा पर कानून अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करें 23 राज्य और सात केंद्र शासित प्रदेश: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 23 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों को मोटर वाहन कानून के हालिया प्रावधानों के कार्यान्वयन के अलावा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और सड़क सुरक्षा उपायों पर नियमों के अनुपालन संबंधी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश - पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और दिल्ली ने अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल कर दी हैं। शीर्ष अदालत ने 2 सितंबर, 2024 को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 136ए को इसकी नियमवाली के नियम 167ए के साथ लागू करने के निर्देश पारित किए थे, जो अधिकारियों को तेज गति से चलने वाले वाहनों की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी करने की अनुमति देता है। पीठ ने अब शेष 23 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ये रिपोर्ट सड़क सुरक्षा पर उच्चतम न्यायालय की समिति के साथ साझा की जाएंगी। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत की समिति सभी पहलुओं पर गौर करेगी और अपनी राय मुहैया कराएगी, जिस पर केंद्र द्वारा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और सड़क सुरक्षा उपायों के प्रवर्तन पर मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने में विचार किया जा सकता है। न्यायमित्र के रूप में पीठ की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने सूचित किया कि छह राज्यों ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है और उनके संबंध में आवश्यक निर्देश पारित किए जा सकते हैं। पीठ ने कहा कि वह 25 मार्च को इस पहलू पर विचार करेगी। इस बीच सड़क सुरक्षा पर उसकी समिति रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करते समय छह राज्यों से सहायता मांग सकती है।

## न्यूज अपडेट

### वक्फ समिति ने परामर्श प्रक्रिया पूरी की, विधेयक के खंडों पर विचार करने के लिए बैठक

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर खंड-दर-खंड विचार करेगी। यह रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया है। समिति की रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किए जाने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति ने देश भर के हितधारकों के साथ अपनी परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले समिति के सदस्यों की राय लेने की दिशा की तरफ बढ़ रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति को आगामी बजट सत्र के आखिरी दिन तक कार्यकाल विस्तार दिया था। बजट सत्र 31 जनवरी से चार अप्रैल तक चलेगा। हालांकि बीच में कुछ दिनों का अवकाश होगा। सदस्य अब मसौदा कानून में अपने संशोधनों का प्रस्ताव कर सकते हैं और उन पर मतदान किया जाएगा। विपक्षी सांसद, जो विधेयक का कड़ा विरोध कर रहे हैं, संशोधन का प्रस्ताव दे सकते हैं। हालाँकि, इन्हें स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि समिति में भाजपा और उसके सहयोगी दल बहुमत में हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि खंड-दर-खंड विचार के आधार पर मसौदा रिपोर्ट तैयार की जाएगी और विधायी विभाग के साथ साझा की जाएगी।

### किसानों का प्रदर्शन: केएमएम ने केंद्र के साथ जल्द बैठक की मांग की, 21 जनवरी का दिल्ली कूच टाला

**चंडीगढ़ :** किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने केंद्र से प्रदर्शनकारी किसानों के साथ 14 फरवरी को प्रस्तावित बैठक जल्द आयोजित करने का सोमवार को आग्रह किया और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से भी अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने की अपील की। किसान मजदूर मोर्चा ने 101 किसानों के समूह के 21 जनवरी को दिल्ली कूच करने के कार्यक्रम को भी 26 जनवरी तक स्थगित करने की घोषणा की यह संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के साथ मिलकर पिछले 11 महीनों से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर जारी किसानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा है। शनिवार को, कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने खनौरी सीमा स्थल पर डल्लेवाल और एसकेएम (गैर-राजनीतिक) एवं केएमएम के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा उन्हें 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया। सोमवार को शंभू धरना स्थल पर मीडिया को संबोधित करते हुए केएमएम नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि किसानों के साथ बैठक के लिए जो तारीख (14 फरवरी) तय की गई है, उसमें काफी समय है। पंढेर ने कहा, ''सरकार ने बैठक आयोजित करने में बहुत समय लगा दिया। यह हमारी शर्त नहीं है, लेकिन हमारी मांग है कि बैठक जल्द हो और यह दिल्ली में हो।''

### भारत में अवैध रूप से रहने को लेकर एक और बांग्लादेशी पकड़ा गया

**कोच्चि :** केरल पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने को लेकर सोमवार को एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। बांग्लादेश के जेस्सोर के निवासी हुसैन बेलोर (29) को अंगमाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुख वैभव सक्सेना के नेतृत्व में एक दल ने हुसैन को कोच्चि में उसके निवास से पकड़ा एवं उसके पास से अपनी अवधि पूरा कर चुका पासपोर्ट बरामद किया। पुलिस के मुताबिक तीन महीने पहले हुसैन कोलकाता से यहां पहुंचा था। उसकी गिरफ्तारी 28 वर्षीय एक बांग्लादेशी महिला को पकड़े जाने के बाद हुई है। तस्लीमा बेगम नामक इस बांग्लादेशी महिला को पिछले सप्ताह हिरासत में लिया गया था। उसे पेरुंबवूर की बंगाली कॉलानी से उसके प्रेमी के साथ हिरासत में लिया गया था। उसका प्रेमी बिहार का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि दोनों कथित रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर भारत पहुंचे तथा विभिन्न स्थानों से होते हुए बेंगलुरु पहुंचे एवं वहां से केरल आये। महिला के पास से फर्जी आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मिले हैं। पुलिस के मुताबिक इस मामले की और जांच करने के बाद हुसैन को गिरफ्तार किया गया। वह कुछ समय शालीमार में रहा, फिर अलुवा के लिए ट्रेन पकड़ी और अंततः अंगमाली पहुंच गया, जहां उसने निर्माण कार्य में काम किया। पुलिस ने बताया कि हुसैन पहले भी दो बार भारत आ चुका था और उसने अपने नाम से दो आधार कार्ड बनवाने के लिए एक एजेंट को 5,000 रुपये दिए थे, जिसका इस्तेमाल उसने खुद को भारतीय नागरिक बताने के लिए किया था। पुलिस के मुताबिक सक्सेना ने हुसैन से पूछताछ की तथा स्थानीय रूप से उसकी मदद करने वालों पर पुलिस की नजर है। पुलिस ने कहा कि उसके दस्तावेजों की प्रमाणिकता का सत्यापन किया जा रहा है।

## सैफ पर हमला: टीवी पर अपनी तस्वीर आने के बाद घबरा गया था हमलावर, बांग्लादेश भागने की थी योजना



**मुंबई :** अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया बांग्लादेशी नागरिक समाचार चैनलों पर अपनी तस्वीर देखकर घबरा गया था और अपने देश भागने की योजना बना रहा था। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर के रूप में हुई है, जिसने अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया था। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के बाद रविवार को उसे गिरफ्तार किया गया। फुटेज में, वह हमले से एक सप्ताह पहले 9 जनवरी को मोटरसाइकिल चलाते देखा जा सकता है। सैफ पर गत बुधवार देर रात बांद्रा स्थित उनके घर में घुसपैठिए ने चाकू से कई बार वार किया था, जिसके कारण अस्पताल में चिकित्सकों को अभिनेता की सर्जरी करनी पड़ी। इस घटना ने 'सतगुरु शरण' इमारत में सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं, जहां सैफ अपने परिवार के साथ रहते हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, मुंबई पुलिस के विभिन्न दलों ने सबूत जुटाने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों के फुटेज खंगाले। शुरू में, पुलिस को हमलावर का पता लगाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मूल रूप से बांग्लादेश के झालोकाटी के रहने वाला शहजाद पिछले पांच महीनों से मुंबई में रह रहा था, छोटे-मोटे काम करता था और एक साफ-सफाई का काम करने वाली एक एजेंसी से जुड़ा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि उन्नत प्रौद्योगिकी की मदद से पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में दर्ज घुसपैठिए की तस्वीर से उसकी पहचान की।

## एकनाथ शिंदे की राजनीतिक स्थिति अस्थिर, कोई और शिवसेना का नेतृत्व कर सकता है: कांग्रेस नेता

**नागपुर :** कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को हटाया जा सकता है और शिवसेना में नया 'उदय' देखने को मिल सकता है। उन्होंने यह टिप्पणी राज्य मंत्री उदय सामंत के संदर्भ में की है। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर शिंदे के नाखुश होने की अटकलों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सूत्रों ने बताया कि शिंदे निजी यात्रा पर सतारा जिले में अपने पैतृक गांव चले गए हैं। कांग्रेस नेता ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एकनाथ शिंदे की स्थिति बहुत खराब है। ऐसा लगता है कि शिंदे को किनारे किया जा सकता है। मुझे आश्चर्य है कि क्या शिंदे की राजनीतिक उपयोगिता खत्म हो गई है। शिंदेजी को उद्धव (ठाकरे) जी को बाहर करके लाया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर परोक्ष हमला करते हुए वडेट्टीवार ने दावा किया कि महाराष्ट्र में ऐसी राजनीतिक स्थिति बन सकती है जिसमें शिवसेना का तीसरा 'उदय' होने की संभावना है। उन्होंने दावा किया, एक उदय (राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत) दोनों नावों पर सवार हैं और उन्होंने (दोनों पक्षों के साथ) बहुत अच्छे संबंध बनाए रखे हैं। सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

## सॉलिसिटर जनरल ने गैर मांस उत्पादों के हलाल प्रमाणन का मुद्दा न्यायालय में उठाया

**नयी दिल्ली :** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में छड़ और सीमेंट जैसे गैर मांस उत्पादों के हलाल प्रमाणीकरण का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि जिनका इससे कोई लेना देना नहीं है, उन लोगों को हलाल प्रमाणित उत्पादों के लिए अधिक कीमत क्यों चुकानी चाहिए। उन्होंने यह दलीलें शीर्ष अदालत के समक्ष दीं, जो निर्यात के लिए उत्पादित वस्तुओं को छोड़कर, उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाणन वाले खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष कहा, ''जहां तक हलाल मांस का सवाल है, किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती। लेकिन न्यायाधीशों को यह जानकर आश्चर्य होगा, जैसा कि मुझे हुआ था, कि सीमेंट और छड़ जैसे उत्पादों को भी हलाल प्रमाणित किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि हलाल प्रमाणित करने वाली एजेंसियां शुल्क ले रही हैं और इस प्रक्रिया में एकत्र की गई कुल राशि लाखों करोड़ हो सकती है। मेहता ने सवाल किया, आटा और बेसन को भी हलाल प्रमाणित किया जाता है।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म



**मालीगांव, समाज्ञा :** एक आकस्मिक घटनाक्रम में, बिहार की एक महिला ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर एक बच्चे को जन्म दिया, जिससे एक साधारण ट्रेन यात्रा एक अविस्मरणीय पल में बदल गई। उक्त महिला रानी कमलापति एक्सप्रेस से अगरतला से बरौनी जा रही थी। उस दौरान उसे अचानक प्रसव पीड़ा हुई। सूचना मिलने पर, पू. सी. रेलवे के अधिकारियों ने तुरंत आवश्यक कदम उठाए और महिला समेत उसके परिवार के सदस्यों को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर उतरने की सलाह दी। ट्रेन के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही रेलवे के चिकित्सक और रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टेशन पर ही महिला का सफल प्रसव कराया। जन्म के बाद, महिला को तुरंत आगे की चिकित्सा के लिए उसके पति के साथ एम्बुलेंस द्वारा गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुँचाया गया। पू. सी. रेलवे प्राधिकारी किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपने यात्रियों को हमेशा आवश्यक सहायता प्रदान करने को तत्पर है।

# दिल्ली चुनाव: मोदी, शाह, आदित्यनाथ की रैलियों के साथ भाजपा ने धुआंधार प्रचार की तैयारी की



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गणतंत्र दिवस के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कई रैलियां करके प्रचार अभियान तेज करेगी। इन रैलियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी के करीब तीन रैलियों को संबोधित करने की संभावना है, जबकि आदित्यनाथ की शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 15 जनसभाएं आयोजित करने की योजना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। चुनाव प्रचार से जुड़े भाजपा की दिल्ली इकाई के एक नेता ने कहा, शाह चार रैलियों को संबोधित करेंगे और चार रोड शो करेंगे। नड्डा के भी 10-12 रैलियों को संबोधित करने की संभावना है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए चुनाव पांच फरवरी को होंगे और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किये जायेंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के नेता ने कहा, पार्टी ने प्रधानमंत्री की तीन रैलियों का अनुरोध किया है - एक उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में, दूसरी पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा में और तीसरी पश्चिमी दिल्ली के द्वारका के पास। इनमें से कम से कम दो रैलियों को पार्टी नेतृत्व की मंजूरी मिलना तय है। भाजपा पहले ही 40 स्टार प्रचारकों की सूची घोषित कर चुकी है, जिनमें केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, हरदीप पुरी और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं। आदित्यनाथ के अलावा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस भाजपा शासित राज्यों के उन मुख्यमंत्रियों में शामिल होंगे, जो राष्ट्रीय राजधानी में रैलियां करेंगे। दिल्ली भाजपा के नेता ने कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के प्रचार की काफी मांग है। पार्टी ने 14 जिलों में से प्रत्येक में उनकी कम से कम एक जनसभा की योजना बनाई है। धामी की भी मांग है, क्योंकि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों, खासकर यमुना पार के क्षेत्रों में उत्तराखंड मूल के मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है।

## कर्नाटक : उत्तर कन्नड़ जिले में गर्भवती गाय का वध, बछड़े के अवशेष को क्षत-विक्षत किया गया

**उत्तर कन्नड़ (कर्नाटक) :** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में बदमाशों ने एक गर्भवती गाय का सिर धड़ से अलग कर दिया एवं उसके पैर काट दिए तथा उसके बछड़े के अवशेष को क्षत-विक्षत कर दिया। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदमाश गाय का धड़ ले गये एवं उसके सिर एवं पैर और मृत बछड़े को वहीं छोड़ दिया। पुलिस के अनुसार यह घटना उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नवारा तालुक में सालकोडू गांव के कोंडाकुली में हुई। उसने बताया कि यह गांव कृष्णा अचारी नामक एक व्यक्ति की थी जिसने उसे रविवार को वहां चरने के लिए छोड़ा था। उसने बताया कि सोमवार को जब अचारी गाय की तलाश करने निकला तो उसे उसके सिर, पैर और मृत बछड़ा क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। पुलिस ने पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के तहत अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। इससे पहले बेंगलुरू के चमराजपेट में तीन गायों के थन काटने तथा मैसूर के नंजनगुड शहर में एक गाय की पूंछ को घायल करने की घटना सामने आई थी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गायों पर हमले की घटनाओं की जांच के आदेश दिए हैं। राज्य की मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और हिंदू संगठनों ने इन घटनाओं पर चिंता जताई है। परमेश्वर ने कहा, ''हमें इसका समाधान ढूंढना होगा। आज सुबह मैंने निर्देश दिए कि हमें इसे गंभीरता से लेना होगा और हमें ऐसे लोगों की पहचान करनी होगी जिनकी मानसिकता ऐसी है।'' राज्य के गृहमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस विभाग को यह पता लगाने के आदेश दिए हैं कि क्या ऐसे लोग किसी संगठन से जुड़े हैं या व्यक्तिगत रूप से ऐसा कर रहे हैं या इसके पीछे कोई उकसावा है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर उन्मादी तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने कहा कि होन्नवारा की घटना ने सभी का सिर शर्म से झुका दिया है। उन्होंने कहा, ''फिर भी गृहमंत्री यह दिखावा कर रहे हैं कि यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। सिद्धरमैया सरकार इन राष्ट्र-विरोधियों के प्रति नरम रुख दिखा रही है, जिन्हें कोई डर नहीं है। राज्य सरकार और गृहमंत्री को अब तक जाग जाना चाहिए था।''

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के रणजी मैच में नहीं खेलेंगे केएल राहुल

**बेंगलुरु :** कोहनी की चोट से उबर रहे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को 23 जनवरी से पंजाब के खिलाफ यहां शुरू होने वाले एलीट ग्रुप सी मैच के लिए कर्नाटक की रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल नहीं किया गया। पीटीआई ने 18 जनवरी को खबर दी थी कि राहुल 30 जनवरी को हरियाणा के खिलाफ कर्नाटक के आखिरी लीग मैच के लिए राज्य की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज को छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला और 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल 16 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे जिसमें भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल भी शामिल हैं। पडीक्कल ने हाल में विजय हजारे ट्रॉफी के तीन मैचों में एक अर्धशतक और एक शतक बनाया था। विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक की जीत में 18 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन करने वाले श्रेयस गोपाल को उप-कप्तान बनाया गया है।

### पदार्पण करने वाले नाइजीरिया ने महिला अंडर19 टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को हराया

**कुआलालंपुर :** पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को दो रन से हरा दिया। नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 65 रन बनाये। इसके बाद न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 57 रन था और 13 ओवर के मैच में उसे आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। ऐसे में तेज गेंदबाज लिलियन उडेह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दो रन कम पर रोक दिया। उडेह (19) और कप्तान लकी पीटी (18) नाइजीरिया के लिये दोहरे अंक में पहुंचने वाली खिलाड़ी थी।

# बदलाव का दौर आ रहा है लेकिन मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है: अक्षर पटेल




**कोलकाता :** स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल किसी भी समय अनुभवी रविंद्र जडेजा की जगह लेने के दावेदार हैं और वह भारतीय टेस्ट टीम में होने वाले बड़े बदलाव के दौरान पैदा होने वाली संभावनाओं से वाकिफ हैं लेकिन उन्हें अपने मामले में किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। अक्षर सोमवार को 31 साल के हो गए हैं और अपने सीनियर साथी के समान कौशल होने के बावजूद वह पिछले एक दशक से जडेजा की अनुपस्थिति में ही टीम में जगह बना पाते हैं। अक्षर ने अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 184 विकेट लिए हैं जिसमें से 55 विकेट 14 टेस्ट में मिले हैं। इन 14 टेस्ट में से दो बांग्लादेश में थे जब जडेजा अनफिट थे। भारतीय क्रिकेट में बदलाव के बारे में और क्या उन्हें इससे फायदा होगा, पूछने पर भारत के टी20 उप कप्तान ने तथ्यात्मक प्रतिक्रिया दी। अक्षर ने कहा, 'बिलकुल, बदलाव का दौर आने ही वाला है। पर आखिर में यह चयनकर्ताओं और कप्तान का फैसला है। मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मेरा काम मुझे सौंपी गई भूमिका को पूरा करने और खुद में लगातार सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना है। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो टीम में मेरी जगह अपने आप बन जाएगी।' वह मानते हैं कि वह सभी प्रारूपों के खिलाड़ी हैं, उन्होंने कहा, 'मैं खुद को बताता रहता हूं कि मैं सभी तीन प्रारूपों में खेल चुका हूं। मेरा ध्यान सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करने पर है, जब भी मौका मिले। मेरा मानना है कि मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, भले ही मैं चुना जाऊं या नहीं।' उन्होंने कहा, 'मैं यह सोचकर दबाव नहीं लेता कि मैं टीम में जगह बनाने का हकदार हूं। यह हमेशा टीम संयोजन की बात होती है कि मेरी टीम में जगह है या नहीं।' बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं बना पाने से वह निराश नहीं थे बल्कि उन्होंने अपना ध्यान दक्षिण अफ्रीका में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला पर लगाया जिसमें वह सभी मैच खेले थे। उन्होंने कहा, 'जब चयन या ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला की बात आती है तो मुझे लगता है कि यह सोचने के बजाय कि मैं टीम में स्थान बनाने का हकदार हूं या नहीं, मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे कहां मौका मिल सकता है।'

### 'बैजबॉल' के जनक मैकुलम ने कहा, भारत के खिलाफ सतर्क होकर खेलेगा इंग्लैंड

**कोलकाता :** बल्लेबाजी की आक्रामक शैली 'बैज़बॉल' के जनक इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सोमवार को यहां यह कहकर सभी को हैरान कर दिया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में बेहद सतर्क होकर खेलेगी। मैकुलम मई 2022 से इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच हैं और उनके रहते हुए टीम ने कई अच्छी सफलताएं हासिल की हैं। भारत के खिलाफ श्रृंखला में हालांकि वह पहली बार सीमित ओवरों के प्रारूप में यह जिम्मेदारी संभालेंगे। मैकुलम ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'मैं जानता हूं कि यह दौरा मुश्किल होने वाला है क्योंकि हमारा सामना भारत की मजबूत टीम से हो रहा है लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम सतर्क शैली की क्रिकेट खेलेगी।' दोनों टीम के बीच पांच मैच की टी20 श्रृंखला का पहला मैच बुधवार को यहां ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इसके बाद तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला होगी जो 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होगी। मैकुलम ने कहा, 'यह शानदार और रोमांचक श्रृंखला होगी। हमें दो महीने पहले से इसके बारे में पता था और यह शानदार है।'

# ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान बने




### रोहित की कप्तानी में मैंने सीखा है कि किसी खिलाड़ी का ख्याल कैसे रखना है: पंत

**कोलकाता :** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के नवनियुक्त कप्तान ऋषभ पंत ने सिर्फ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय टीम के अन्य सीनियर खिलाड़ियों से भी नेतृत्व कौशल सीखा है। एलएसजी ने एक नए सफर की शुरुआत करते हुए पंत पर भरोसा जताया है जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। 2017 में विराट कोहली के नेतृत्व में पदार्पण करने वाले पंत प्रेरणादायी महेंद्र सिंह धोनी के साथ भी खेले हैं। लखनऊ फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त जाने के बाद पंत ने कहा, 'हां, मैंने बहुत से कप्तानों और अपने कई सीनियर खिलाड़ियों से नेतृत्व के बारे में सीखा है क्योंकि मुझे लगता है कि आपको सिर्फ अपने कप्तान से ही नहीं सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह से खेल आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए काफी सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें खेल का अनुभव है। आप सिर्फ कप्तान से ही नहीं, बल्कि सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं।' रोहित के नेतृत्व में अपने अनुभव से प्रेरणा लेते हुए पंत ने टीम की कप्तानी करते समय ख्याल रखने और भरोसे की अहमियत पर बात करते हुए कहा, 'बहुत सटीक होना मुश्किल है। रोहित भाई के साथ, मैंने सीखा है कि किसी खिलाड़ी का ख्याल कैसे रखा जाता है। और जब मैं टीम की कप्तानी करता हूं तो कप्तान के तौर पर ऐसा ही महसूस करता हूं।'

**कोलकाता :** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सोमवार को आईपीएल के आगामी सत्र के लिये लखनऊ सुपर जाइंट्स का कप्तान बनाया गया और उन्होंने टीम को पहला खिताब दिलाने के लिये अपना दो सौ फीसदी देने का भरोसा दिलाया। पंत को आईपीएल की मेगा नीलामी में लखनऊ टीम ने 27 करोड़ रूपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा था। पंत ने नया कप्तान बनाये जाने के बाद मीडिया से कहा, 'मैं अपना 200 प्रतिशत दूंगा। यह मेरा आपसे वादा है। मैं इस भरोसे पर खरे उतरने की कोशिश करूंगा। मैं नयी शुरूआत और नयी ऊर्जा को लेकर काफी रोमांचित हूं।' टीम के मालिक संजीव गोयनका ने कहा, 'हम नयी उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ शुरूआत करेंगे। सबसे अहम है कि नये आत्मविश्वास के साथ। मैं आपके सामने हमारे नये कप्तान ऋषभ पंत को पेश करता हूं।' पूर्व टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ कप्तानी विवाद का विषय बन गई थी जिसके बाद बातचीत नाकाम रहने पर पंत ने टीम के साथ बने नहीं रहने का फैसला किया। पंत ने नयी टीम को लेकर कहा, 'मैं इस टीम के साथ खुश हूं। हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। हम वहां तक नहीं पहुंच पाये हैं , जहां होना चाहिये। लेकिन अब सफर यह है कि इस टीम को नयी ऊंचाइयों तक कैसे ले जाते हैं।'

## न्यूज अपडेट

### सपा सांसद प्रिया सरोज से विवाह करेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह



**जौनपुर:** लखनऊ : भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। प्रिया के पिता और केराकट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया कि उनके परिवार ने अलीगढ में रिंकू के पिता से दोनों के विवाह के बारे में बात की है और दोनों पक्ष इसके लिये राजी हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सगाई या रोका नहीं हुआ है। तीन बार के सांसद तूफानी सरोज ने कहा कि उनकी बेटी और रिंकू की मुलाकात एक दोस्त के जरिये हुई जिसके पिता भी क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा ,'' रिंकू और प्रिया एक दूसरे को साल भर से अधिक समय से जानते हैं। दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं लेकिन विवाह के लिये परिजनों की रजामंदी जरूरी थी। दोनों परिवार इस शादी के लिये राजी हैं।' उन्होंने बताया कि संसद सत्र खत्म होने के बाद सगाई और शादी की तारीख तय की जायेगी। सगाई लखनऊ में होगी। रिंकू 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलेंगी जिसके बाद वह आईपीएल भी खेलेंगे। सूत्रों के अनुसार दोनों परिवार अलीगढ की ओजोन सिटी में रिंकू के घर पर मिले और शगुन तथा तोहफों के आदान प्रदान से रिश्ता पक्का किया। प्रिया सरोज वाराणसी की रहने वाली है और लंबे समय से सपा से जुड़ी हैं। वह जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट से पिछले साल लोकसभा चुनाव जीतीं।

### खेलने की भूख हो तो आप किसी भी समय चोटों से वापसी कर सकते हैं: शमी



**कोलकाता :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 14 महीने बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार है और उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ी के अंदर देश के लिए खेलने की बेताबी हो तो वह कई चोटों से उबर सकता है। शमी आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल में खेले थे। उनके बाएं पैर में टखने में चोट लगी थी जिसके लिए उन्हें सर्जरी की जरूरत पड़ी। अनुभवी तेज गेंदबाज के बुधवार को यहां घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 के साथ भारत में वापसी करने की उम्मीद है। उन्हें वनडे चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भी चुना गया है। शमी ने बंगाल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'देश के लिए जो खेलने की भूख है वो कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। आपको अगर उससे प्यार है तो आप हमेशा 'फाइटबैक' करते रहेंगे, चोटिल चाहे आप 10 बार हो जाए। मुझे लगता है कि देश के लिए खेलने की भूख कभी खत्म नहीं होनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मेरे दिमाग में हमेशा यही रहता है कि मैं कितना भी मैच खेलू लूं वो मेरे लिए कम है क्योंकि एक बार अगर मैंने क्रिकेट छोड़ा तो शायद वो दोबारा ना होगा।' शमी ने यहां ईडन गार्डन्स में अंडर-15 महिला क्रिकेटरों को संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कहा, 'ऐसा कभी नहीं हुआ कि अपने राज्य या देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी चोट लगने के बाद खेल छोड़ने के बारे में सोचें। जब भी हम चोटिल होते हैं तो हमारे दिमाग में एक ही विचार आता है, हम कब वापसी कर सकते हैं?'



# बकाया वसूली के सभी संभावित उपाय टटोलने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता हो: आरबीआई



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) से कहा कि वे बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीके आजमाने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता करें। केंद्रीय बैंक ने 24 अप्रैल, 2024 के 'मुख्य दिशानिर्देश... भारतीय रिजर्व बैंक (संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी) दिशानिर्देश, 2024' को संशोधित किया है। प्रत्येक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को उधारकर्ताओं के बकाये के निपटान के लिए निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त नीति बनानी चाहिए। कर्जदाताओं के बकाया के निपटान पर जारी संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार नीति में, अन्य बातों के अलावा, एकमुश्त निपटान पात्रता के लिए 'कट-ऑफ' तिथि, निपटान राशि पर पहुंचने के दौरान जोखिम की विभिन्न श्रेणियों के लिए स्वीकृत नुकसान और गारंटी वाले उत्पाद के वास्तविक मूल्य पर पहुंचने के तौर-तरीकों जैसे पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीकों की जांच करने के बाद ही उधारकर्ता के साथ समझौता किया जाएगा और निपटान को उपलब्ध विकल्पों में से बेहतर माना जाएगा।'' इसके अलावा, निपटान राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाना चाहिए। समझौते में अगर एक किस्त में सहमत पूरी राशि के भुगतान की बात नहीं की गई है, वहां प्रस्ताव स्वीकार्य व्यवसाय योजना (जहां लागू हो), उधारकर्ता की अनुमानित आय और नकदी प्रवाह के अनुरूप होना चाहिए। दिशानिर्देश में उन मामलों में पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं का जिक्र है जहां एक करोड़ रुपये से अधिक या उससे कम के कुल मूल्य वाले उधारकर्ता से संबंधित खातों का निपटान किया जाता है। आरबीआई ने यह भी कहा कि संशोधित ढांचे के तहत उधारकर्ताओं के साथ समझौता किसी भी अन्य कानून के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होना चाहिए। इसके अलावा, जहां भी एआरसी ने न्यायिक मंच के तहत वसूली की कार्यवाही शुरू की है और ऐसे मंच के समक्ष मामले लंबित है, उधारकर्ता के साथ किया गया कोई भी समझौता संबंधित न्यायिक मंच की सहमति के निर्णय पर निर्भर करेगा।

### आईआरएफसी का तीसरी तिमाही में मुनाफा बढ़कर 1,631 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड (आईआरएफसी) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दो प्रतिशत बढ़कर 1,631 करोड़ रुपये हो गया। रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण वाली इस गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई (एनबीएफसी) का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 1,599 करोड़ रुपये था। आईआरएफसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर अवधि में बढ़कर 6,766 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 6,740 करोड़ रुपये थी।

# मजबूत वैश्विक रुख से सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,300 अंक के पार



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच मुख्य रूप से बैंक शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक यानी 0.59 प्रतिशत उछलकर 77,073.44 अंक पर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 699.61 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 141.55 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 23,344.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से कोटक महिंद्रा बैंक में नौ प्रतिशत से अधिक की जबर्दस्त तेजी देखने को मिली। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसके शेयर उछल गए। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एशियन पेंट्स में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, जोमैटो को सर्वाधिक 3.14 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। अपेक्षा से कमतर तिमाही नतीजों के कारण इसके शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'एशिया के अन्य बाजारों में सकारात्मक धारणा से घरेलू बाजारों को समर्थन मिला और सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बैंक एवं वित्तीय क्षेत्रों के नतीजे बेहतर रहने से चौतरफा तेजी आई...।'

### महाकुंभ के दौरान करीब 12 लाख अस्थायी रोजगार पैदा होने की उम्मीद: एनएलबी सर्विसेज

**मुंबई :** प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में करीब 12 लाख अस्थायी रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने सोमवार को यह जानकारी दी। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज का यह आकलन आंतरिक डेटा विश्लेषण और उद्योग से मिली रिपोर्टों पर आधारित है। उत्तर प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं। अलुग ने कहा कि संगम तट पर होने वाला यह ऐतिहासिक समागम आर्थिक विकास और अस्थायी रोजगार के नजरिये से एक ऊर्जा-केंद्र के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा, ''महाकुंभ का आर्थिक प्रभाव कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। बुनियादी ढांचा विकास, कार्यक्रम प्रबंधन, सुरक्षा सेवाएं, स्थानीय व्यापार, पर्यटन, मनोरंजन और बागवानी जैसे क्षेत्र पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों तरह के व्यवसायों में विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।'' अलुग ने कहा कि अकेले पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में ही महाकुंभ के दौरान लगभग 4.5 लाख अस्थायी रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इनमें होटल स्टाफ, टूर गाइड, पोर्टर, यात्रा सलाहकार और कार्यक्रम समन्वयक जैसी भूमिकाएँ शामिल हैं। इसी तरह परिवहन एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र में लगभग तीन लाख नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इनमें ड्राइवर, आपूर्ति शृंखला प्रबंधक, कूरियर कर्मियों और अन्य सहायक कर्मचारियों के पद शामिल हैं।

### नए वाणिज्यिक वाहनों के विकास पर सालाना 2,000 करोड़ रुपये का निवेश जारी रहेगा: टाटा मोटर्स

**नयी दिल्ली :** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने सोमवार को कहा कि कंपनी नए वाणिज्यिक वाहनों एवं पूंजीगत समाधानों के विकास पर सालाना करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करना जारी रखेगी। वाघ ने यहां चल रहे 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' के तहत आयोजित वाहन प्रदर्शनी में पीटीआई-भाषा से कहा कि टिकाऊ परिवहन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए कंपनी कई तरह की प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही है जिसके लिए निवेश की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी का वाणिज्यिक वाहन खंड वैकल्पिक ईंधन से लेकर शून्य-उत्सर्जन वाली बैटरी, ईंधन सेल इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन इंजन तक कई तरह की प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहा है। एक्सपो में कंपनी ने विभिन्न ईंधन प्रौद्योगिकियों पर आधारित वाणिज्यिक वाहनों की एक शृंखला प्रदर्शित की है जिनमें डीजल, बायो-डीजल, सीएनजी, एलएनजी, इथेनॉल, फ्लेक्स फ्यूल, बैटरी इलेक्ट्रिक से लेकर हाइड्रोजन इंजन वाले वाहन भी शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि टाटा मोटर्स नए उत्पादों के विकास पर कितना निवेश करेगी, वाघ ने कहा, 'हम उत्पादों और पूंजीगत उपकरणों पर प्रति वर्ष लगभग 2,000 करोड़ रुपये खर्च करना जारी रखे हुए हैं और हम इसे कायम रखेंगे। इस निवेश का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सभी नई प्रौद्योगिकियों पर खर्च किया जा रहा है।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर, चांदी 500 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बाजार सूत्रों ने कहा कि कारोबारी सोमवार को अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उद्घाटन भाषण का इंतजार करेंगे और उसके बाद ही भविष्य के कारोबार के लिए कोई रास्ता चुनेंगे। शुक्रवार को सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब बंद हुआ था। सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 81,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। पिछले साल 31 अक्टूबर को स्थानीय बाजारों में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमश: 82,400 रुपये और 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

### रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 86.55 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। कल रात कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार से निवेशकों की कारोबारी धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान ने भी रुपये को मदद की। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य में प्रमुख घटनाओं से पहले रुपये में 86.20-86.80 की अस्थिर सीमा के भीतर कारोबार करने की संभावना है।

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए सालाना 15 लाख करोड़ रुपये के बजट की जरूरत : मांडविया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने और सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को सरकार का बुनियादी ढांचा निवेश बजट अगले 25 साल तक वर्तमान 11.5 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 15 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए)- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'फॉर्मलाइजेशन एंड सोशल सिक्योरिटी कवरेज फॉर वर्कर्स इन इनफॉर्मल सेक्टर चेलेंजिस एंड इनोवेशन' के उद्घाटन के दौरान मांडविया ने कहा कि 2012 में बुनियादी ढांचे पर निवेश का बजट 1.2 लाख करोड़ रुपये था लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद, 2014 में यह बजट बढ़कर 2.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा, 2024 में बजट 11.5 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। हमें इसे 15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना होगा। जब सरकार अगले 25 वर्षों तक बुनियादी ढांचे पर 15 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी, तभी भारत 2047 तक एक विकसित देश बन पाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ रही है और नए क्षेत्र में नई नौकरियों का सृजन हो रहा है। मंत्री का मानना है कि सरकार को इन नए क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी होगी। मांडविया ने कहा कि एक दशक पहले, 2014 में सामाजिक सुरक्षा संरक्षण केवल 24 प्रतिशत था।

वर्ष 9, पूर्णांक 4126 अंक 276, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in